तापमान
अधिकतम 32.6 डिग्री
न्यूनतम 15.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

12 स्टे फिट टीम ने नुक्कड़ नाटक से यातायात नियमों का पालन करने दिया संदेश
13 चंडी मंदिर से उरला फाटक तक 4.52 करोड़ में बनेगी चौड़ी सड़क






## खबर संक्षेप

### कनेक्शन जोड़ने के कारण कल नहीं मिलेगा पानी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत नवनिर्मित केम्प-2 उच्च स्तरीय जलागार के राइजिंग पाइप लाइन से इंटर कनेक्शन का कार्य 18 फरवरी को सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जायेगा, जिसमें 24 घंटे का समय लगने की संभावना है। जिसके कारण 18 फरवरी को सुबह चंद्रा मौर्या, मदर टेरेसा नगर, वैशाली नगर, कोहका मंगल बाजार, हाउसिंग बोर्ड में जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। 19 फरवरी शाम तक सभी जगह पानी सप्लाई किया जायेगा। नगर निगम प्रशासन प्रभावित क्षेत्र के निवासियों से अपील करता है कि कृपया अपनी आवश्यकतानुसार जल का संचय पहले से कर लें ताकि असुविधा से बचा जा सके।

### धारदार हथियार की डिलीवरी, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** ऑनलाइन धारदार हथियार की डिलीवरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ग्राम पुरई में आरोपी लावन्य उर्फ लवन यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर तोषण यादव, अन्य युवकों के साथ धारदार हथियार से मारपीट कर चोट पहुंचाया। उतई पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि धारदार हथियार मीसो ई-कॉमर्स ऑनलाइन मार्केट प्लेटफॉर्म से हथियार को ऑर्डर कर वाल्मो कोरियर एजेंसी उतई द्वारा 3 जनवरी को आरोपी को डिलीवर किया गया था। कोरियर एजेंसी संचालक द्वारा प्रतिबंधित सामग्री होने की जानकारी के बाद भी डिलीवरी कर्मी के माध्यम से पार्सल सौपा और 245 रुपए नगद लिया था। मामले में पुलिस ने बजरंग नगर उतई निवासी रोशन सिंह राजपूत, तामेश उर्फ तामेश्वर साहू को गिरफ्तार किया। उसके बाद कोरियर एजेंसी संचालन से जुड़े दस्तावेज, पार्सल डिलीवरी रजिस्टर को जब्त किया गया। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश कुमार ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।



### बोरसी में प्राणघातक हमला, आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** बोरसी वार्ड 51 में महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारा कार्यक्रम हो रहा था। इस दौरान पुरानी रंजिश के चलते युवक ने अपने पड़ोसी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बोरसी वार्ड 15 निवासी सुमन मारकण्डे से आरोपी युवक दरवाजा खोलने को लेकर विवाद करने लगा। विवाद के बाद पीड़िता के पति शिवनंदन मारकण्डे के पेट में धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की तलाश शुरु हो गई। बोरसी क्षेत्र में घेराबंदी कर बोरसी, सुभाष चौक दैहान वार्ड 51 पदमनाभपुर आरोपी निवासी प्रकाश यादव को गिरफ्तार किया गया।

# पर्यावरण से खिलवाड़, हरियाली के नीचे प्लास्टिक का कचरा डंप...



भिलाई। यह तस्वीर भयावह है, जो सिविक सेंटर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के पास अघोषित अहाता की है, जहां हर दिन शराब प्रेमी बैठकर हर दिन शराब का सेवन करते हैं। डिस्पोजल, पानी पाउच और पानी की बोतलों का सेवन करते हैं और इन्हें प्लास्टिक के सामानों को मौके पर ही फेंक दे रहे हैं। यह प्लास्टिक टाउनशिप की हरियाली पर ग्रहण लगा रहा है। हरे-भरे पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो हरे भरे पेड़ों के नीचे प्लास्टिक कचरा डालना मिट्टी के स्वास्थ्य, जल निकासी और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए विनाशकारी है। यह मिट्टी के छिद्रों को बंद कर देता है, ऑक्सीजन व पानी के बहाव को रोकता है और मिट्टी में सूक्ष्म प्लास्टिक फैलाता है, जो जड़ों को पोषण से वंचित करते हैं और अंततः पेड़ के विकास को बाधित कर सकते हैं। छिद्रों के बंद होने से पानी जड़ों तक नहीं पहुंच पाता है। प्लास्टिक के सूक्ष्म कण मिट्टी की संरचना को कमजोर कर देते हैं, जिससे मिट्टी की उर्वरता और जैव विविधता कम हो जाती है। यह पोषक तत्वों के अवशोषण को प्रभावित करता है, जिससे पौधों में क्लोरोफिल की मात्रा, पत्ती का विकास और तने का व्यास कम हो जाता है। प्लास्टिक से टॉक्सिक रसायन धीरे-धीरे मिट्टी में घुल जाते हैं, जो पेड़ के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। केंचुए और अन्य सूक्ष्मजीव प्लास्टिक के कारण मर जाते हैं, जिससे मिट्टी का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। प्लास्टिक जमा होने से पानी रुक सकता है, जिससे जड़ें सड़ सकती हैं। फोटो जर्नलिस्ट : संजय पांडेय

### जिले में 13 सीबी नाट मशीनें सक्रिय, 1 घंटे में मिल रही टीबी और एमडीआर की रिपोर्ट

# 3 साल में टीबी के 11842 मरीज मिले, 488 मौतें

सुवांकर रॉय ⏭भिलाई

दुर्ग जिले में टीबी को लेकर लगातार जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन आंकड़े अब भी चिंता बढ़ा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में जिले में 11,842 टीबी मरीज सामने आए हैं। इनमें से 488 लोगों की मौत हो चुकी है। तीन सालों में मौत के आकड़े तो कम हुए हैं लेकिन स्थिति अब भी चिंताजनक है। वहीं समय पर इलाज के चलते सैकड़ों लोग ठीक भी हुए हैं।

वर्तमान स्थिति पर नजर डालें तो जिले में अभी 1,850 मरीज टीबी से जूझ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र से ज्यादा शहरी क्षेत्र में टीबी के ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक समय पर जांच और नियमित इलाज से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। कई मरीजों ने सही समय पर उपचार लेकर बीमारी को हराया भी है। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि टीबी भी दूसरी गंभीर बीमारियों की तरह जानलेवा हो सकती है, अगर इसे हल्के में लिया जाए। कई मरीज लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं और देर से अस्पताल पहुंचते हैं। तब तक संक्रमण बढ़ चुका होता है और हालत संभालना मुश्किल हो जाता है।

## 2024 की तुलना में 2025 में टीबी के ज्यादा मरीज मिले




### 2025 में 136 ने गंवाई जान

| वर्ष | मामले | मौत |
|---|---|---|
| 2023 | 4076 | 201 |
| 2024 | 3768 | 151 |
| 2025 | 3998 | 136 |

### टीबी रोग के लक्षण, जिसे नजर अंदाज करने पर जान को भी खतरा

लंबे समय तक खांसी, वजन कम होना, बुखार, कमजोरी, रात में पसीना आना, भूख नहीं लगना, बलगम से खून आना, शरीर में कहीं भी गांठ होना जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराना जरूरी है। सरकार की ओर से टीबी की जांच और इलाज मुफ्त उपलब्ध है। इसके बावजूद देरी और लापरवाही मौत की बड़ी वजह बन रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ के अनुसार टीबी से लड़ाई दवाओं से ज्यादा जागरूकता की है। समय पर पहचान, पूरा कोर्स और नियमित फॉलोअप ही इस बीमारी को हराने का रास्ता है।दूसरे बीमारियों से ग्रसित और पौष्टीक आहार में कमी के कारण लोग शीघ्र ही टीबी बीमारी के चपेट में आते हैं।

### दुर्ग जिले में सीबी नाट की सुविधा

दुर्ग जिले में टीबी की समय पर पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जांच व्यवस्था मजबूत की है। जिले में 13 सीबी नाट मशीनें संचालित हो रही हैं, जिनकी मदद से टीबी की पुष्टि कुछ ही घंटों में हो जा रही है। इस जांच की खास बात यह है कि इससे न सिर्फ सामान्य टीबी का पता चलता है, बल्कि एमडीआर यानी मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की भी पहचान संभव है। स्वास्थ्य संस्थानों में ये मशीनें लगाई गई हैं। जिला अस्पताल दुर्ग, सिविल अस्पताल सुपेला, सेक्टर-9 अस्पताल, सीएम मेडिकल कॉलेज कचांदुर के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा, अहिवारा, बोरी, कुम्हारी, झीट, पाटन, उतई और निकुम में भी यह सुविधा उपलब्ध है। चरोदा और रिसाली में भी करीब 10 दिन के भीतर सुविधा मिलने लगेगी।

### 629 लोग बन चुके निक्षय मित्र

जिला नोडल अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, निक्षय मित्र के रूप में कई लोग व समाज सामने आए हैं। निक्षय मित्र बनने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। अब तक 629 लोग निक्षय मित्र बने हैं। उनेक द्वारा पौष्टिक आहार के 776 बास्केट टीबी मरीजों के लिए उपलब्ध कराया गया है। पौष्टिक आहार के इन बास्केटों को टीबी मरीजों को प्रदान किया जाता है। वहीं निक्षय पोषण योजना एनपीवाय के तहत पोषण सहायता के लिए प्रति माह 1,000 रुपए की वित्तीय राशि प्रदान की जाती है। यह राशि उपचार की पूरी अवधि 6 महीने तक दी जाती है। पहले 500 रुपए प्रति माह थी।

### लक्षण मिलने पर तुरंत जांच कराएं

टीबी बीमारी को लेकर जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को और जागरूक होने की आवश्यकता है। टीबी की बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। लक्षण पाए जाने पर शीघ्र जांच करवाना चाहिए। फरवरी माह में 100 दिवसीय जागरूकता अभियान शुरू होने वाला है।

-**डॉ. मनोज दानी**, सीएमएचओ दुर्ग

## रात 10 से सुबह 6 बजे तक तेज आवाज वाले ध्वनि यंत्र पर 30 जून तक लगा प्रतिबंध



**दुर्ग।** जिला दंडाधिकारी यानी कलेक्टर अभिजीत सिंह ने 30 जून 2026 तक ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तेज आवाज वाले लाउड स्पीकर और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। बावजूद इसके शादी-ब्याह, धार्मिक, सामाजिक आयोजनों में धड़ल्ले से तेज आवाज वाले ध्वनि विस्तार यंत्रों का उपयोग हो रहा है। कलेक्टर ने ऐसी सभी शिकायतों पर सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। संबंधित थाना पुलिस और प्रशासनिक महकमें को निर्देशित किया गया है कि वे सुनिश्चित कराएं कि कहीं भी बिना प्रशासन के स्वीकृति के तेज आवाज वाले ध्वनि विस्तारक यंत्र निर्धारित समय पर न बजाए जाएं। ऐसा पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करें। आदेश सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के14 फरवरी 2000 को अधिसूचित ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के तहत जारी किया गया है। विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के अध्ययन में व्यवधान रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। धार्मिक त्यौहार, विवाह, संस्कार, उत्सव एवं चुनाव प्रचार जैसे विशेष अवसरों पर संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से अनुमति ली जा सकेगी। निजी परिसर में ध्वनि स्तर निर्धारित परिवेशीय सीमा से 5 डीबी (ए) से अधिक नहीं होगा। लाउड स्पीकर या ध्वनि विस्तारक यंत्र या ध्वनि उत्पन्न करने वाले यंत्रों का सार्वजनिक स्थलों पर ध्वनि स्तर क्षेत्रीय मानक से 10 डीबी (ए) या अधिकतम 75 डीबी (।) से अधिक नहीं होगा।

## भारत-पाकिस्तान मैच में सट्टा खिलाने वाले 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- 2.62 लाख कैश और सामान जब्त

भारत और पाकिस्तान को लेकर टी-20 क्रिकेट मैच में लाखों रुपए का ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्रीन चौक स्थित मकान में भारत-पाकिस्तान टी-20 क्रिकेट मैच पर बेखौफ तरीके से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने की सूचना पर मकान में दबिश दिया। जहां से पुलिस ने ग्रीन चौक दुर्ग निवासी सुरेन्द्र सुलाखे उर्फ मोनू, अहमद नगर कैम्प 2 छावनी अंकित सोनी, मरार पारा चंद्रप्रकाश पटेल उर्फ सोनू, डोमन पटेल, शिवपारा दुर्ग राजा सोनकर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने लैपटाप, 17 मोबाइल और नगदी 1.34 लाख रुपए जब्त किया है। कुल सामानों की कीमत 2.62 लाख 200 रुपए आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 4, 6, 7 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।



## प्लांट के अंदर हत्या, अभियुक्त को उम्र कैद

**दुर्ग।** छावनी थाना अंतर्गत मदर टेरेसा नगर निवासी बीएसपी में सेवारत जगतराम उइके की हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी जो-2 खुर्सीपार निवासी आर व्यंकटेश्वर राव (34 वर्ष) को आजीवन कारावास से दंडित किया। न्यायाधीश पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। आरोपी को धारा 404, 201 में दो-दो साल की सजा सुनाई गई। साथ ही 500-500 रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 1-1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। प्रकरण के मुताबिक घटना 21 जुलाई 2021 की है। इससे पहले मदर टेरेसा निवासी ऋषभ उइके ने छावनी थाने में शिकायत की कि उसके पिता लापता हैं। बीएसपी में ड्यूटी जाने के नाम पर निकले थे। बाद में 21 जुलाई की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे जगतराम उइके का शव क्रास्टर ग्रीस स्टेशन, एसएमएस-2 के पास मिला। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पता चला कि अंतिम बार दोनों को साथ देखा गया था। इसके बाद घटना कारित होने का खुलासा हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। केस के वितारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। शासन के तरफ से पैरवी अपर लोक अभियोजक राकेश कुमार यादव ने की।

### जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने 6 से ज्यादा स्कूलों का किया निरीक्षण

# पीएम श्री स्कूलों में शिक्षक मिले गैरहाजिर, थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने जिले के आधा दर्जन पीएम श्री स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई स्कूलों के शिक्षक नदारद मिले। विद्यार्थियों की उपस्थिति भी कम मिली। मध्यांह भोजन बच्चे ऐसी जगह पर करते मिले जहां साफ सफाई नहीं थी। ऐसे लापरवाह शिक्षकों और संस्था प्रमुखों को नोटिस थमाया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने शासकीय उच्चतर मा शाला गिरहोला , पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अहिवारा , जामुल , बालाजीनगर व पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय जरवाय, बालाजीनगर , बानबरद तथा शास प्राथमिक/पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला , अहिवारा का आकस्मिक निरीक्षण किया और सभी संस्था प्रमुखों/कार्यरत शिक्षकों को आगामी 16 से 25 फरवरी तक भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पीएम श्री विद्यालयों के प्रस्तावित निरीक्षणों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए तथा उन सभी 21 बिंदुओं की समीक्षा भी की।

### अहिवारा में व्याख्याता गैरहाजिर मिले

डीईओ ने पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला में बच्चों की कम उपस्थिति और शिक्षकों के स्टाफ रूम में बैठे पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अहिवारा में व्याख्याता रीता प्रधान और रेखा साहू निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए। कन्या पूर्व मा शाला अहिवारा में शिक्षक पीतांबर शर्मा अनुपस्थित पाए गए जबकि उपस्थित प्रधान पाठक एमए खान अपने कक्ष में मोबाइल देखते पाए गए। अधिकांश बच्चे परिसर में इधर उधर घूमते पाए गए। डीईओ ने इन सभी को कड़ी समझाइश दी तथा कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश भी दिये।



### बीमार कुत्ते परिसर में मिले घूमते

पीएम श्री प्राथमिक शाला जरवाय में मध्यान्ह भोजन के दौरान परिसर में बीमार कुत्तों को देखकर प्रभारी शिक्षक को निर्देशित किया तथा आवारा कुत्तो के प्रवेश को रोकने सभी प्रकार के आवश्यक उपाय किये जाने के निर्देश भी दिये। इसी प्रकार पीएम श्री प्राथमिक शाला बालाजीनगर परिसर में निर्माण सामग्रियों गिट्टी , रेती के बिखरे होने तथा दिख रही गंदगी को लेकर मौके पर उपस्थित प्रधान पाठक को साफ सफाई के लिए आवश्यक निर्देश भी दिये। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर डीईओ ने सभी संस्था प्रमुखों को उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिये।

### शराब पीकर स्कूल आने वाले सहायक शिक्षक एलबी निलंबित

शराब पीकर स्कूल आने और विद्यार्थियों से अनुचित व्यवहार करने के मामले में देवेश कुमार देशमुख, सहायक शिक्षक एलबी शासकीय प्राथमिक शाला खाडा ब्लॉक व जिला दुर्ग को निलंबित कर दिया गया है। प्रकरण में सहायक शिक्षक एलबी देशमुख के विरुद्ध विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग से जांच कराई गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार देशमुख के विलम्ब से एवं नशे में शाला पहुंचना, विद्यालय में नशे में रहने, गुटखा खाते हुए कही भी थूकने, छात्रों के साथ अमर्यादित व्यवहार करने, अनुपस्थित रहने पर दूसरे दिन उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किया जाना पाया गया। शिकायत प्रमाणित होने के कारण देवेश को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी

**पाटन।** तेलीगुंडरा क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जानकारी के अनुसार कौही मेला से वापस लौट रही एक कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बताया जा रहा है कि वाहन की गति अधिक होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा, जिससे कार पलटकर चारों पहियों के बल ऊपर हो गई। घटना के

## निधन

### गोपाल चौरड़िया



**दुर्ग।** गंजपारा दुर्ग निवासी गोपाल चौरड़िया उम्र 70 वर्ष का निधन 16फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 17 फरवरी सुबह 11.30 बजे गंजपारा निवास स्थान से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अतुल चौरड़िया के पिता थे। वे अपने पीछे ज्ञानचंद, शांतीलाल, आलोक कुमार सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### कुसुम अवस्थी



**भिलाई।** क्वाटर नंबर 8-बी सड़क 27 सेक्टर 4 निवासी कुसुम अवस्थी का सेक्टर 9 हास्पीटल में आकस्मिक निधन हो गया । शव यात्रा राम नगर मुक्तिधाम भिलाई के लिए 17 फरवरी को दोपहर 12 बजे निकलेगी। वे ओमप्रकाश अवस्थी की धर्मपत्नी थी।

### निर्मला शुक्ला



**जामगांव आर।** निर्मला शुक्ला 72 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मुक्तिधाम में किया गया। वे पंडित स्व नोहर प्रसाद शुक्ला की पुत्र वधू , पूर्व प्राचार्य बटरेल स्कूल राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की पत्नी एवं रूपेंद्र शुक्ला की मां थीं।

# स्टे फिट टीम ने नुक्कड़ नाटक से यातायात नियमों का पालन करने दिया संदेश

## महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय सांकरा में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, सांकरा-पाटन में 'सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय शर्मा सहायक पुलिस महानिरीक्षक एवं अध्यक्ष, अंतर-विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ थे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण 'स्टे फिट टीम' द्वारा प्रस्तुत किया गया नुक्कड़ नाटक रहा। इस नाटक के माध्यम से छात्रों को बहुत ही सरल और प्रभावशाली ढंग से यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया



गया। यह पूरा कार्यक्रम अधिष्ठाता डॉ. अमित दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति और राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गागेन्द्र सिंह राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने युवाओं को हेलमेट व सीट बेल्ट की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों और युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना था। मुख्य अतिथि संजय शर्मा ने अपने संबोधन में सुरक्षित ड्राइविंग, हेलमेट और सीट बेल्ट की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं सड़क सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं के बारे मे विस्तार से बताया उन्होंने युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई और बताया कि कैसे छोटी सी सावधानी अनमोल जीवन बचा सकती है। यह सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना और अंतर-विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## पंच परिवर्तन और सप्त शक्ति संगम पर सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर में हुई परिचर्चा

# संयुक्त परिवार आनंद का वह दरिया है जहां सभी करते हैं सुख-दुख साझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

पंच परिवर्तन के पांच बिंदु पर्यावरण, स्वदेशी, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता और साथ में संप्तशक्ति सगम के सात बिंदु क्षमा, कीर्ति, बुद्धि, लक्ष्मी, वाणी, स्मृति, धैर्यशीलता पर मातृशक्ति की बीच व्यापक चर्चा का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। परिचर्चा मंच पर अतिथि नेहा चंद्राकर, डामिन सिन्हा, माहेश्वरी निषाद, कीर्ति साहू, लिलेश्वरी कुर्रे, रेखा धीवर मंचासिन रहे।

चंद्राकर समाज प्रतिनिधि नेहा चंद्राकर ने कहा कि संतान को विरासत में संस्कार अवश्य दे,जब संतान संस्कारित होगा तभी वह माता-पिता परिवार समाज देश और पर्यावरण स्वच्छता के बारे में चिंतन करने लायक बन पायेगा। होनहार नागरिक बन पायेगा। सरस्वती शिशु मंदिर इस दिशा में निस्वार्थ भाव से मेहनत आपके लिए कर रही है आप अपने लिए तो इस ओर चार कदम बढ़ाए।

### संस्कारित संतान पर्यावरण स्वच्छता के लिए करेगा चिंतन



### माता-पिता को संस्कार प्रबल बनाना चाहिए

समाजसेवी कीर्ति साहू ने कहा कि सामाजिक समरता का भाव को पुष्ट करके भाईचारा को अहम स्थान दिलाते हुए सामाजिक कुरीतियों से समाज को स्वच्छ सुंदर बनाने मार्ग प्रशस्त करते हुए जन चेतना का प्रभावी संचार करने में विद्यालय के साथ कदम ताल करते हुए माता-पिता को सक्रिय भागीदारी निभाकर संस्कार को प्रबल बनाना चाहिए।

### कुटुंब प्रबोधन नागरिक कर्तव्य सामाजिक समरता का अलख जगाने मातृ शक्ति संगठित हो

समाजसेवी डामिन सिन्हा ने कहा कि परिवार के साथ भोजन और भजन साथ बैठकर पहले की तरह किया करे तब स्नेह प्यार आदर की गंगा प्रवाहित होने लगेगी। धनवान तो बन रहा है आदमी लेकिन सुख चैन छिना जा रहा है। यह एकल परिवार का नतीजा सबके सामने दिखने लगा है। संयुक्त कुटुंब परिवार आनंद का दरिया है जहां सुख-दुख सब शेयर करते हैं। जीवन में आने वाली समस्याएं चुटकी में बिदा हो जाया करती थी घर की महिलाओं में दादी सास, सास, बड़ी सास, काकी सास, जेठानी, देवरानी, ननंद पुरुषों में दादा, पिता, भाई, देवर, जेठ नाना प्रकार के रिश्तों के घर परिवार कुटुंब महकते रहता था।

### सप्त शक्ति संगम को बलिष्ठ बनाने प्रथम गुरु मां को सजग होना होगा

तहसील साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. गुलाब साहू ने कहा कि नारी शक्ति सृष्टि की रचना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नारी तू नारायणी है इस भाव को जागृत करते हुए क्षमा कीर्ति बुद्धि लक्ष्मी वाणी स्मृति धैर्यशीलता के लिए सक्षम मातृशक्ति को प्रेरित करते हुए संस्कार पुष्ट करना चाहिए।सरस्वती शिशु मंदिर बार बार विविध आयोजन कर संस्कार का अलख जगाने का सतत प्रयास करती है नारी दो कुल को संवारती है संप्तशक्ति संगम की केंद्र महिलाओं की कार्यक्रमों गरिमामय उपस्थिति होनी चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में रीना चंद्राकर, दामिनी साहू, दीपक साहू, मीना साहू, नेहा चंद्राकर, कविता, सरिता साहू, सीमा, पदमा साहू, प्रभा साहू, खिलेश्वरी, थानेश्वरी, काजल, कीर्ति, रेणुका धर्मगुड़ी, पद्मनी श्रीवास्तव, पूर्णिमा, माहेश्वरी, तामेश्वरी ठाकरे, रेखा धीवर, प्रतिमा महिपाल, रिकेश्वरी महिपाल, लिलेश्वरी कुर्रे, जनेश्वरी, विमला यादव, राधा बाई, गुलेश्वरी आदि की गरिमामय उपस्थिति रही। संचालन समिति सदस्य गुलाब साहू एवं आभार प्राचार्य पीएल बारले ने किया।

## लोकार्पण की राह देख रहा रानीतराई महाविद्यालय का नवीन भवन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

दुर्ग जिला अंतर्गत स्व. दाऊ रामचंद्र शासकीय महाविद्यालय रानीतराई का नवीन भवन लोकार्पण के अभाव में अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है। कॉलेज प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग के बीच आपसी सहमति नहीं बनने के कारण लोकार्पण प्रक्रिया अटकी हुई है।

- छात्र-छात्राओं को रही है परेशानी

प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेकेदार द्वारा महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सर्वसुविधायुक्त भवन तैयार होने के बावजूद लोकार्पण नहीं होने से छात्र-छात्राओं को नए भवन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। हाल ही में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न हुईं, जिसमें विद्यार्थियों को परीक्षा देने के लिए दूरस्थ क्षेत्र पाटन जाना पड़ा। यदि समय पर लोकार्पण हो गया होता तो विद्यार्थियों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। फिलहाल भवन निर्माण पूर्ण हो चुका है शीघ्र ही लोकार्पण के बाद महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा।

### लोकार्पण प्राचार्य को कराना चाहिए

"महाविद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। कॉलेज प्रबंधन को हैंडओवर के लिए पत्र भेजा गया था, लेकिन प्राचार्य द्वारा पत्र वापस कर दिया गया। जब कॉलेज उनका है तो लोकार्पण भी उन्हें ही कराना चाहिए।

**लोक निर्माण विभाग अधिकारी,** पाटन

### निर्माण पूर्ण होने की जानकारी दी गई थी

"लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण पूर्ण होने की जानकारी पत्र के माध्यम से दी गई थी और हैंडओवर की बात कही गई थी। लेकिन लोकार्पण नहीं होने के कारण हैंडओवर नहीं लिया गया। विभाग द्वारा विधिवत लोकार्पण कराने के बाद ही महाविद्यालय भवन को अपने कब्जे में लिया जाएगा।

**प्राचार्य,** स्व. दाऊ रामचंद्र शासकीय महाविद्यालय रानीतराई

### कर रहे हैं लोकार्पण की तैयारी

"कॉलेज निर्माण पूर्ण होने की जानकारी मिली है। दुर्ग के सांसद विजय बघेल से चर्चा हो चुकी है। शीघ्र ही रूपरेखा तैयार कर फरवरी माह के अंत तक लोकार्पण कराने की तैयारी की जा रही है।

**निर्मल जैन,** अध्यक्ष, स्व. दाऊ रामचंद्र शासकीय महाविद्यालय रानीतराई

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

## भिलाई में शहीद कप फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 21 से




**भिलाई।** वीर शहीदों की स्मृति और सम्मान में पदुमनगर, भिलाई-3 में शहीद कप फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना है। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट को बड़े स्तर पर आयोजित करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनके बीच 23 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। सभी मैच फ्लड लाइट की रोशनी में आयोजित होंगे, जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों को भी रात में रोमांचक क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा। आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए समिति द्वारा 30 से 40 वॉलेंटियर तैनात किए जाएंगे, जो मैदान व्यवस्था, खिलाड़ियों की सुविधा और दर्शकों के प्रबंधन में सहयोग करेंगे। यह टूर्नामेंट एप्रोच गैस एजेंसी के पास, वर्मा चौक, पदुम नगर, भिलाई-3 में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे, जिससे खेल तेज और रोमांचक बना रहेगा। प्रतिदिन तीन मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिससे दर्शकों को लगातार खेल का आनंद मिल सके। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमों के लिए 10,000 रुपए एंट्री फीस निर्धारित की गई है। विजेता टीमों और खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और प्रेरणादायक बनाने के लिए विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।प्रथम पुरस्कार 1,00,000 रुपए, द्वितीय 51,000 रुपए, तृतीय 21,000 रुपए इसके अलावा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं। मैन ऑफ द सीरीज 11,000 रुपए, बेस्ट बैट्समैन 5,100 रुपए, बेस्ट बॉलर 5,100 रुपए, प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा। दर्शकों के लिए भी रहेगा विशेष आकर्षण आयोजक समिति ने इस बार टूर्नामेंट को दर्शकों के लिए भी खास बनाने की योजना बनाई है। प्रतिदिन मैच के दौरान लकी ड्रा योजना आयोजित की जाएगी। दर्शकों को अपना नाम और मोबाइल नंबर कूपन में लिखकर बॉक्स में डालना होगा। इसके बाद लॉटरी के माध्यम से रोजाना विजेताओं का चयन कर उन्हें आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। वहीं टूर्नामेंट के अंतिम दिन दर्शकों के लिए विशेष मेगा पुरस्कार भी रखा गया है।

## महाशिवरात्रि पर वार्ड 10 में डोम शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामुल

नगर पालिका परिषद जामुल के वार्ड 10 सुभाष नगर में मूलभूत सुविधा एवं विकास कार्यों की सूची मे बहुप्रतिक्षित मांग को लेकर नेता प्रतिपक्ष रामप्यारी वर्मा ने सुभाष नगर जामुल वार्ड 10 मे जनता की मांग को ध्यान रखते हुए वार्ड की निवासियों के सुविधा के लिए त्रयंबकेश्वर मंदिर के पास 4.30 लाख रुपए लागत की डोम सेड का निर्माण करवाया गया है जिसका रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर लोकार्पण कर जनता को बड़ी सौगात दिया। वार्ड 10 सुभाष नगर जामुल में लोगों के मांग को देखते हुए विशेष ध्यान रखकर वार्ड के निवासियों के दुख सुख के कामों में हो रही परेशानियों को देखते हुए त्रयंबकेश्वर मंदिर के पास डोम सेड बनवाया गया जिसमे वार्ड वीडियो कीके सभी वर्ग के लोगों को पारिवारिक कार्यक्रम करने में धूप बारिश से निजात मिल सकेगा। डोम सेड के बनने से वार्ड वासियों में भारी उत्साह दिख रहा है।

लोगो के इस मांग को पूरा करने के लिए नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद जामुल रामप्यारी वर्मा ने अपने निधि का उपयोग अपने घरेलु वार्ड में किया और डोम शेड निर्माण करवाया है। डोम शेड लोकार्पण में मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका जामुल रामप्यारी वर्मा, लखन साहू, अंकलहा यादव, गुलेश्वरी यादव, इन्द्राणी पांडे, रज्जु यादव, शांति यादव, शोभा मन्ना, रामेश्वरी साहू अंजू साहू, मीना साहू, सुनीति सारथी, गोमती साहू, लक्ष्मी साहू, प्रियंका सारथी, सविता साहू, संगीता, सालोमन, ममता यादव, रुखमनी यादव आदि सहित सुभाष नगर के निवासी उपस्थित थे।

## भोथली में वजन त्योहार मनाया



**अंडा।** भोथली के आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चों और माताओं की वजन नापी गई। वजन त्यौहार में मुख्य रूप से क्षेत्र की जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू उपस्थित थीं। उन्होंने बच्चों का वजन मापन कार्यक्रम का निरीक्षण किया एवं बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों का नियमित वजन मापन कुपोषण से मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने पालकों से बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और शासन की योजनाओं का लाभ लेने कहा। बताया गया कि 9 से 18 फरवरी तक शहरी एवं ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों में 'वजन त्यौहार' का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों के पोषण स्तर की जांच की जा रही है।

### सिरसिदा में सांस्कृतिक गतिविधि व प्रदर्शनी आज

**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा द्वारा 17 फरवरी को विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक गतिविधि एवं प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे से होगा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से जानकारी दी गई है कि इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक, गायन, चित्रकला सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएगी। साथ ही बच्चों द्वारा तैयार की गई शैक्षणिक सामग्री एवं रचनात्मक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिससे अभिभावकों और ग्रामीणों को बच्चों की प्रतिभा देखने का अवसर मिलेगा।

10th DEATH ANNIVERSARY
A Tribute To Our Beloved
Shri. K.Sudhakaran



22/04/1936-17/02/2016
"You are near, even if we don't see you"
"You are always with us, even if you are far away"
"You are in our heart, in thoughts, in our life
always because, in there, you're still alive."

FOUNDER
• Maitri Vidya Niketan, Risali, Bhilai
• Bhilai Maitri College, Risali, Bhilai • Maitri Vidya Niketan, Patan
• Samashti Publication

Rajam Sudharakan (Wife) | Dr. Sajitha Thambi (Daughter)
Sajeev Sudhakaran (Son) | Sajan Sudhakaran (Son)
T.D. Thambi (Son-in-Law) | Dr. Beena Sajeev (Daughter-in-Law)
Nishi Sajan (Daughter-in-Law) | Sneha Thambi (Grand Daughter)
Aditya Thambi (Grand Son) | Tushar Sajeev (Grand Son)
Anushka Sajan (Grand Daughter) | Tanishq Sajeev (Grand Son)
Akshit Sajan (Grand Son) | Sarvesh Sahu (Grand Son-in-Law)

Management, Staff and Students of
Maitri Vidya Niketan, Risali, Bhilai & Bathena Road, Patan
• Bhilai Maitri College, Risali, Bhilai • Family & Friends

CREATIVE HUB ADVERTISING

## खबर संक्षेप

### पुलिस चेकिंग में हथियारों के साथ 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** होली पूर्व के पहले पुलिस की चेकिंग शुरु हुई। इस दौरान जिले में चाकूबाजी एवं धारदार हथियार लेकर आमजन को भयभीत करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। 16 मार्च को थाना खुर्सीपार पुरानी भिलाई एवं छावनी पुलिस को पृथक-पृथक सूचना प्राप्त हुई कि कुछ युवक एवं अपचारी बालक सार्वजनिक स्थलों पर धारदार हथियार दिखाकर आम नागरिकों को धमका रहा था। सूचना पर पुलिस ने युव को पकड़ा और आर्म्स एक्ट कते तहत कार्रवाई की गई। आरोपी का नाम डबरापारा तीन वासु ठाकुर,मिनीमाता नगर संदीप, बालाजी नगर अनिल मंडावी, बैरागी मोहल्ला, छावनी अजय बैरागी व तीन अपचारी बालको को भी पकड़ा गया। पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से विभिन्न प्रकार का हथियार भी पुलिस ने जब्त किया है।

### जय बालाजी इंडस्ट्रीज संरक्षित क्षेत्र घोषित

**दुर्ग।** जिला प्रशासन ने मेसर्स जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड बोरई-रसमड़ा के औद्योगिक परिसर को एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 26 (1) (2) के तहत जिला मजिस्ट्रेट को प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जारी किया गया है। प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मेसर्स जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बोरई रसमड़ा की संलग्न अनुसूची को एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। मानचित्र को आदेश का अभिन्न अंग माना जाएगा। संरक्षित क्षेत्र में केवल विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आदेश में संशोधन किया जा सकेगा।

### श्रमिकों का पंजीयन अब होगा ऑनलाइन

**दुर्ग।** लोक सेवा केन्द्र, च्वाईस सेंटर एवं श्रम संसाधन केन्द्रों के माध्यम से निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण की प्रक्रिया की जा रही है। ऐसे पंजीकृत हितग्राही जिनकी पंजीयन या नवीनीकरण तिथि समाप्त हो चुकी है। वे अपने आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक एवं श्रमिक कार्ड की मूल प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होकर नियमानुसार ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सहायक श्रमायुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार मंडल अंतर्गत निर्माण श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण की वैधता 5 वर्षों के लिए निर्धारित है। समयावधि के पश्चात अनवीनीकृत पंजीयन जिनकी वैधता समाप्त हुए एक वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है, तो श्रम विभागीय पोर्टल पर निर्धारित दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन नवीनीकरण कराया जा सकता है।

### सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 25 को

**दुर्ग।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक 25 फरवरी को 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत दुर्ग वित्तीय वर्ष 2026-27 की अनुमानित बजट का अनुमोदन एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

# चंडी मंदिर से उरला फाटक तक 4.52 करोड़ में बनेगी चौड़ी सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

चंडी मंदिर से उरला रेलवे फाटक तक जल्द ही सड़क का चौड़ीकरण होगा। करीब 4.52 करोड़ रुपए की लागत से यह कार्य किया जाएगा। सोमवार को शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि सड़क का चौड़ीकरण होने से ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य जारी है।

भूमिपूजन के साथ क्षेत्र के नागरिकों से किये गए चुनावी वादे भी पूरे हो रहे हैं। यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है। उरला में आयोजित भूमिपूजन में क्षेत्र के लोगों ने बताया की करीब 13 वर्षों से लंबित इस कार्य के प्रारंभ होने से नागरिकों में उत्साह का माहौल है। सड़क चौड़ीकरण को लेकर लगातार दुर्ग के जनप्रतिनिधियों से संपर्क करते रहे लेकिन कुछ नहीं हुआ, वार्ड भ्रमण में नागरिकों ने जब सड़क की समस्या से उन्हें अवगत कराये तो मंत्री गजेन्द्र यादव ने तत्काल इस्टीमेट बनवाये और शासन से राशि स्वीकृति कराकर कार्य प्रारंभ कराएं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कौशल साहू, महेंद्र लोढ़ा, बंटी चौहान, एमआईसी मेंबर लीना देवांगन, कांशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद रेशमा सोनकर सहित क्षेत्र के नागरिक एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव ने कार्य का किया भूमिपूजन, गुणवत्ता पर ध्यान रखने के निर्देश

### चंडी मंदिर क्षेत्र उरला के रास्ते जुड़ेगा पटरीपार से

चंडी मंदिर से उरला तक सड़क चौड़ी होने के बाद यह क्षेत्र पटरीपार से जुड़ जाएगा। इसके बाद लोगों को मार्केट क्षेत्र से होकर पटरीपार जाने की जरुरत नहीं होगी। लोग सीधे गया नगर, उरला होकर जयंती नगर, श्याम प्रसाद मुखर्जी नगर, सिकोलाभाठा होकर स्टेशन पहुंच सकेंगे। इससे समय की बचत होगी, साथ ही ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी। गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह कार्य केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास की कड़ी को और अधिक मजबूत करने का प्रतीक है। उरला क्षेत्र में खेल मैदान, मांगलिक भवन, सीसी रोड निर्माण सहित सर्वांगीण विकास के कई कार्य निरंतर जारी हैं।



### शहर के हर वार्डों में विकास के लिए बनेगी कार्ययोजना

गजेंद्र यादव ने कहा कि शहर के हर वार्ड के लिए विकास की कार्ययोजना बनेगी। इसके हिसाब से काम किया जाएगा। इसकी शुरुआत हो चुकी है। प्रदेश सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि विकास का लाभ हर वार्ड, हर मोहल्ले तक पहुंचे। सड़क, पानी, बिजली, खेल मैदान और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं लोगों के जीवन को बेहतर बनाती हैं। जनता से किये सभी वादों को पूर्ण करने प्राथमिकता के आधार पर काम किया जा रहा है। उरला मार्ग कई गांव को दुर्ग से जोड़ता है। आवागमन का प्रमुख मार्ग भी है।

## व्यवस्था डिजिटल जरूर हुई है, लेकिन लोगों की समस्या नहीं हुई दूर

# ऑनलाइन सिस्टम फेल, आरसी बुक के लिए करना पड़ रहा डेढ़ से 6 माह तक का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रदेश में आरटीओ की प्रक्रियाएं ऑनलाइन कर दी गई हैं। दावा किया गया था कि इससे काम तेज होगा और लोगों को राहत मिलेगी, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। दुर्ग जिले में वाहन मालिकों को आरसी बुक के लिए डेढ़ से 6 माह तक का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं सालों पहले जब सभी काम हाथ से लिखकर किया जाता था तब मात्र 10 से 15 दिन में ही लोगों को वाहन का आरसी बुक मिल जाया करता था।

गाड़ी खरीदने या ट्रांसफर कराने के बाद आरसी बुक मिलने में करीब चार महीने का समय लग रहा है। इस देरी से वाहन चालकों को रोजमर्रा की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों को ट्रैफिक चेकिंग के दौरान सिर्फ अस्थायी कागज़ दिखाकर काम चलाना पड़ रहा है, तो कुछ को फाइन भरने की नौबत भी आ रही है। वाहन मालिकों का कहना है कि जब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, तो फिर इतनी लंबी देरी क्यों? जानकारों की मानें तो तकनीकी अड़चन, प्रिंटिंग में देरी या डेटा वेरिफिकेशन की प्रक्रिया लंबी होने के कारण यह स्थिति बन रही है। हालांकि आरटीओ विभाग की ओर से स्पष्ट समयसीमा को लेकर कोई ठोस जवाब सामने नहीं आया है।

## रोजाना बड़ी संख्या में लोग जानकारी लेने के लिए कार्यालय पहुंच रहे




### शोरूम और आरटीओ दफ्तर का चक्कर लगा रहे लोग

वाहन शोरूम संचालकों का कहना है कि गाड़ी खरीदते समय आरसी बुक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन पूरी कर दी जाती है। सभी फॉर्म डिजिटल तरीके से भरे जाते हैं और दस्तावेज तत्काल अपलोड कर दिए जाते हैं। इसके बावजूद कई वाहन मालिकों को लंबे समय तक आरसी बुक नहीं मिल पाती। ग्राहक बार-बार शोरूम पहुंचकर जानकारी मांगते हैं। ऐसे में संचालकों को उन्हें आरटीओ कार्यालय से संपर्क करने की सलाह देनी पड़ती है। शोरूम संचालकों का कहना है कि जब प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, तो इतनी देरी समझ से परे है। इसका खामियाजा ग्राहकों को उठाना पड़ रहा है। वहीं वाहन मालिकों का कहना है कि दुर्ग आरटीओ दफ्तर जाने पर उन्हें रायपुर में संपर्क करने कहा जाता है।

### दुर्ग से रायपुर शिफ्ट हुई आरसी प्रक्रिया, देरी से बढ़ी दिक्कत

पहले वाहनों की आरसी बुक सीधे दुर्ग आरटीओ कार्यालय से जारी होती थी। अब ऑनलाइन व्यवस्था के तहत आरसी बुक रायपुर से प्रिंट होकर वाहन मालिकों के पते पर डाक के माध्यम से भेजी जा रही है। व्यवस्था डिजिटल जरूर हुई है, लेकिन समयसीमा लंबी हो गई है। वाहन मालिकों का कहना है कि सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन पूरी होने के बावजूद आरसी बुक मिलने में महीनों लग रहे हैं। यही देरी अब सबसे बड़ी परेशानी बन गई है। गाड़ी सड़क पर है, लेकिन मूल दस्तावेज के इंतजार में लोग असमंजस और चिंता में हैं।

### रायपुर से मंगवाया आरसी बुक

कभी-कभी पता सही नहीं होने की वजह से आरसी बुक और ड्राइविंग लाइसेंस वापस चला जाता है। वर्तमान में करीब 1300 आरसी बुक रायपुर से दुर्ग मंगवाया गया है। वाहन मालिक दुर्ग आरटीओ ऑफिस आकर जानकारी ले सकते हैं। आरसी बुक और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आधार कार्ड और शपथ पत्र के साथ कमरा नं. 8 ए में संपर्क कर सकते हैं।

**-एसएल लकड़ा,** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग

### 6 से 8 महीने बाद भी नहीं मिला आरसी बुक



ऑनलाइन प्रक्रिया के दावों के बीच आरसी बुक मिलने में हो रही देरी अब लोगों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। भिलाई के जवाहर नगर निवासी दयानिधि बिसाई ने बताया कि उन्हें अपनी गाड़ी की आरसी बुक करीब छह महीने बाद पिछले हफ्ते मिली है। इस दौरान उन्हें कई बार शोरूम और आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगाने पड़े। वहीं सुपेला निवासी सब्जी व्यापारी नीतू साहनी का मामला और भी चिंताजनक है। उन्होंने वर्ष 2025 अप्रैल माह में सामान ढोने वाला डाला वाहन खरीदा था, लेकिन करीब आठ महीने बीत जाने के बाद भी उन्हें आरसी बुक नहीं मिला है। उनके पुत्र का कहना है कि रोजाना शोरूम और आरटीओ दफ्तर के बीच भटक रही हैं, लेकिन अब तक स्पष्ट जवाब कहीं से भी नहीं मिला।

# वैशालीनगर के रहवासियों के लिए अब 1 रुपए में डायलिसिस और सोनोग्राफी की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जनसेवा और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वैशाली नगर विधानसभा के निवासियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में एक बड़ी सौगात दी है। भिलाई के जीरो रोड, शांति नगर स्थित विधायक कार्यालय में अब मात्र 1 रुपये में डायलिसिस और सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होगी।

■ वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन की पहल

इस नई सेवा का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर इलाज के भारी बोझ को कम करना है। वैशाली नगर विधायक कार्यालय अब एक जन-सुविधा केंद्र के साथ-साथ हेल्थ हब के रूप में भी उभर रहा है, जहां हर दिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक मात्र 1 रुपये में डायलिसिस और 1 रुपये में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है। शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर यह सेवाएं नियमित रहेंगी। फ्री ब्लड टेस्ट मरीजों के लिए 31 तरह की जांच पूर्णतः निःशुल्क है। एक रुपये में एक्स-रे, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 1 रुपये किराये पर हेल्मेट सुविधा, जरुरतमंदों के लिए राम रसोई में भोजन की व्यवस्था, गरीब और असहाय लोगों के लिए कंबल बैंक के साथ ही आज से डायलिसिस और गर्भवती महिलाओं के लिए 1 रुपये में सोनोग्राफी सेवा भी शुरू हो गई है। रिकेश सेन ने कहा कि हमारा लक्ष्य राजनीति के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाना है। महाशिवरात्रि के शुभ दिन से शुरू की गई 1 वाली डायलिसिस और सोनोग्राफी सेवा से उन मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी जो आर्थिक तंगी के कारण अपना इलाज नहीं करा पाते थे।

## मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत 77.51 लाख रुपए स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार धमधा ब्लॉक में अधोसंरचना निर्माण के लिए 77.51 लाख रुपए की अनुशंसा की गई है। इसके लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

■ स्वीकृत कामों के लिए एजेंसी होगी ग्राम पंचायत

कार्यों की संपादन कार्यकारी एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत होगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीके दुबे ने बताया कि पंचायत दारगांव में खुजरी मार्ग से परेटन घर बिजली ऑफिस के पास एवं अमरीका नाई के घर की ओर सीसी रोड निर्माण और खुजरी मार्ग आवास पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 27..30 लाख, पंचायत हरदी में सामुदायिक भवन एवं लेखन पटेल घर से रामरतन साहू घर तक मुख्य मार्ग से कोल्हू पटेल के घर सीसी रोड निर्माण 16.90 लाख, माटरा में जयराम गोड़ के घर से पुनाराम साहू घर तक एवं रूमराम के घर से दानी साहू तक सीसी रोड निर्माण 5.20 लाख रुपए स्वीकृत किया गया है।

इसी प्रकार गोता में दिलीप के घर से प्रकाश घर तक, गुरु घासीदास चौक से लेकर विष्णु प्रसाद के ब्यारा तक सीसी रोड निर्माण एवं विष्णु साहू के घर दिनेश साहू घर तक नाली निर्माण 7.17 लाख, पेण्ड्रीतराई में चेन महिलांग के घर से बोरिंग तक सीसी रोड निर्माण 22.60 लाखख, बिरोदा में लक्ष्मीनाथ श्रीवास घर से प्राथमिक शाला बिरोदा तक एवं गोकुल महराज घर से कृष्ण मंदिर तक 5.20 लाख की सड़क, मोहरेंगा में मनहरण सिन्हा घर से परदेशी सिन्हा घर तक, टीका यादव घर से लक्ष्मण सिन्हा घर तक नाली निर्माण एवं बड़े तालाब और डबरी तालाब में तालाब सौंदर्यीकरण निर्माण के लिए 7.94 लाख, खजरी में मेन रोड से खेलावन साहू के घर तक, गौकरण सतनामी घर से उधो प्रसाद के घर तक सीसी रोड के लिए 5.20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## रिसर्च के लिए हेमचंद यादव विवि दुर्ग ने किए 6 एमओयू



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने छात्र-छात्राओं के हित में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित 6 संस्थाओं से एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इन संस्थानों में लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया, बैक्सपर्ट ब्रुसेल्स, बेल्जियम, हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर, मध्य प्रदेश, एकिस टेक लिमिटेट, मास्को, सृजन संचार नई दिल्ली एवं आई. एम.ई.सी, बेल्जियम शामिल है। कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी ने कहा कि 160 महाविद्यालय, 7 जिले तथा 1.80 लाख छात्राओं की संख्या वाले हमारे विश्वविद्यालय ने इन एमओयू के द्वारा विद्यार्थियों प्राध्यापकों तथा शोधार्थियों के लिए नए द्वार खोले हैं। उन्होंने कहा कि इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल विकास एवं आत्मनिर्भर बनने में सहायता होगी। सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए प्रोफेसर संजय तिवारी ने एमओयू की प्रासंगिकता एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला पीएम उशा (रूसा) 2.0 के अंतर्गत आयोजित इस समारोह में विश्वविद्यालय संबद्ध प्राध्यापक, प्राचार्य तथा छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भटकाव को त्यागकर अपनी जड़ों की ओर लौटना ही सच्ची शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



पाश्चात्य संस्कृति के दौर में विद्यार्थियों को भारतीय मूल्यों से जोड़ने श्री योग वेदांत सेवा समिति नंदिनी नगर अहिवारा द्वारा चीचा स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें न केवल माता-पिता बल्कि गुरु शिक्षकों का भी विधिवत पूजन कर सम्मान किया गया।

■ शा. स्कूल चीचा में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता के चरणों में शीश नवाकर उनका पूजन किया और साथ ही अपने ज्ञानदाता शिक्षकों का भी वंदन किया। समिति के वक्ताओं ने कहा कि माता-पिता जन्म देते हैं, लेकिन शिक्षक जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। पाश्चात्य संस्कृति के भटकाव को त्यागकर अपनी जड़ों की ओर लौटना ही सच्ची शिक्षा है। आयोजन के माध्यम से समाज को एक संदेश दिया गया कि यह केवल विद्यालय का कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक क्रांति है। हिन्दू, मुस्लिम, ईसाई और सिख धर्म के उदाहरण देते हुए यह स्पष्ट किया गया कि हर धर्म का सार बड़ों का आदर ही है।

विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए प्रधान पाठक ने कहा कि ऐसे संस्कारों से ही विद्यार्थी ओजस्वी, तेजस्वी और चरित्रवान बनते हैं। श्री बघेल ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों मे संस्कारों के बीज बोये जाते हैं। समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि जो संतान माता-पिता के चरणों में झुकती है, उसकी झोली कभी विद्या, यश और बल से खाली नहीं रहती। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ, समिति के सेवादार और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला चिकित्सालय का किया आकस्मिक निरीक्षण

# ओपीडी में डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सोमवार को जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय ओपीडी में कर्मचारी और डॉक्टर अनुपस्थित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन को ओपीडी प्रारंभ होने के पूर्व कर्मचारी एवं डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं आभा आईडी की जानकारी ली। उन्होंने शिकायत के आधार पर ईसीजी मशीन संचालन हेतु ऑपरेटर की ड्यूटी, नाम एवं मोबाईल नंबर एवं समय उल्लेखित करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने सिकलसेल प्रबंधन कक्ष में सिकलिंग पहचान की जानकारी ली। उन्होंने चिन्हांकित लोगों का ऑनलाईन एंट्री कराने तथा पेसेंट के ओपीडी पर्ची में आभा आईडी अद्यतन करने के निर्देश दिये।

### कलेक्टर ने चखा मरीजों के लिए तैयार किया नाश्ता

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि अंकित महिला स्वसहायता समूह द्वारा उक्त व्यवस्था संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने यहां पर पेशेन्ट के लिए तैयार नाश्ता, दाल एवं भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने समूह के सदस्यों को निर्धारित मेनू के आधार पर चिकित्सालय में भर्ती पेसेंट को समय पर नाश्ता एवं भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बातें कहीं।



### हॉस्पिटल में पहुंचने वाले स्टॉफ की ली जानकारी

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के जन औषधि केन्द्र में उपलब्ध दवाइयों और विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से रू-ब-रू चर्चा कर उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. अशिशान मिंज को चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और चिकित्सकों और कर्मचारियों की निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा अनुपस्थिति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये।

## सोना बेवरेज में श्रमिकों की हड़ताल, सुलह के बाद काम शुरू



**दुर्ग।** रसमड़ा में संचालित फैक्ट्री के मजदूरों ने वेतन वृद्धि और सुरक्षा उपकरणों की मांग को लेकर हड़ताल किया। श्रमिकों के हड़ताल के चलते फैक्ट्री का उत्पादन पूरी तरह ठप हो गया है और मशीनें बंद पड़ी हैं। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने बताया कि सोना बेवरेज प्राइवेट लिमिटेड में करीब 300 कर्मी काम करते है। 11 वर्षो से बकाया बोनस समेत मांगो को लेकर हड़ताल पर है। मजदूरों का आरोप है कि वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा काम के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट,दस्ताना, सेफ्टी संसाधन तक उपलब्ध नहीं कराता है। 14 फरवरी की सुबह 10 से कंपनी में उत्पादन करना बंद कर दिया। सेकंट पाली में दोपहर 2 बजे श्रमिकों को कंपनी भीतर काम पर नहीं लिया। इस कारण श्रमिक कंपनी गेट के बाहर भीतर जमकर प्रदर्शन करते रहे। मौके पर तहसीलदार, सीएसपी दुर्ग, अंजोरा चौकी प्रभारी, आबकारी अधिकारी , सहायक श्रमआयुक्त पहुंचे थे। कंपनी एचआर राजू भाटिया, और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष भीमराव बागडे, एजी कुरैशी, तुलसी देवदास, पुनाराम साहू, के मध्य बैठक हुई। सुलह के बाद काम शुरू कर दिया।

## खबर संक्षेप



### महिला पर हथियार से हमला, गिरफ्तार

**भिलाई।** महिला के ऊपर प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि 15 फरवरी की शाम बैकुंठधाम मंदिर से पूजा कर घर लौट रही महिला के साथ इंदिरा चौक स्टेशन मरोदा के पास युवक ने धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर स्टेशन मरोदा निवासी योगेन्द्र कुमार यादव उर्फ छोटू उर्फ टायलेट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का महिला से पुराना परिचय था। आरोपी पुरानी प्रताड़ना के कारण आक्रोशित होकर जान से मारने की नियत से महिला पर हमला किया। घटना में महिला के गर्दन, दाहिने हाथ की कलाई, गाल, पसली में गंभीर चोट आई है। आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय दुर्ग में पेश किया गया।

### मरम्मत, जल प्रदाय आज प्रभावित रहेगा

**भिलाई।** मरोदा सेक्टर-एच पॉकेट के पास प्लांट को जाने वाली जल प्रदाय की मुख्य पाइपलाइन में बड़ा लीकेज हो गया है। इस पाइपलाइन का मरम्मत कार्य वाटर मैनेजमेंट विभाग द्वारा किया जा रहा है। पाइपलाइन के ऊपर अवैध निर्माण होने के कारण संधारण कार्य में विलंब होने से 17 फरवरी को पूरे टाउनशिप में जल प्रदाय प्रभावित रहेगा। बीएसपी प्रबंधन ने टाउनशिप के सभी निवासियों से जल के संयमित उपयोग और पर्याप्त पानी संरक्षित रखने की अपील की है।

### दिव्यांगजनों का निःशुल्क उपकरण वितरण 19 को

**भिलाई।** कलेक्टर दुर्ग द्वारा एनटीपीसी-सेल पावर कंपनी लिमिटेड के नियमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजनांतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) जबलपुर द्वारा दुर्ग जिले के दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण हेतु मूल्यांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजन करने पत्र जारी किया गया है। परीक्षण शिविर 19 फरवरी को सभागार कक्ष में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। शिविर में नगर निगम भिलाई, नगर निगम रिसाली, नगर पंचायत उतई, नगर पंचायत पाटन, जनपद पंचायत पाटन एवं आस-पास के क्षेत्र शामिल रहेगें। परीक्षण शिविर में नोडल/सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जिनके अधिनस्थ कर्मचारी शिविर का सफल संचालन करेंगे।

# केंद्राध्यक्षों ने खुद ढोई पेटी, 79 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्र थानों के स्ट्रॉन्ग रूम में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दसवी और बारहवीं बोर्ड की परीक्षा 20 फरवरी से शुरू हो रही है। बोर्ड के प्रश्नपत्रों का वितरण परीक्षा केंद्राध्यक्षों को किया गया। जेआरडी स्कूल से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रश्नपत्र केंद्राध्यक्षों के हवाले किया गया।

प्रश्नपत्रों के सीलबंद पैकेट को बड़ी पेटियों में ताला जड़कर केंद्राध्यक्ष ले गए। वितरण केंद्र जेआरडी स्कूल के बाहर विभिन्न रूटों पर ले जाने के लिए बस का इंतजाम किया गया था। वितरण स्थल से बसों तक केंद्राध्यक्षों ने प्रश्नपत्रों की पेटी खुद ढोई। पुलिस सुरक्षा के बीच बसों को रवाना किया गया। प्रश्नपत्रों को परीक्षा केंद्रों के करीब के थानों में रखा गया है। परीक्षा के दिन प्रश्नपत्रों को केंद्रों तक पहुंचाया जाएगा।

## दसवी-बारहवीं बोर्ड के प्रश्नपत्रों का पहले दिन हुआ वितरण

### 79 परीक्षा केंद्रों के लिए बांटे प्रश्नपत्र

पहले दिन यानी 16 फरवरी को दुर्ग जिले के 79 परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्रों का वितरण हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला स्टेशन मरोदा क्रमांक एक, थनौद, चन्दखुरी, अंजोरा स रसमड़ा, सेजस नगपुरा, बोरई, अण्डा, मतवारी, तिरगा, बेलौदी,पुलगांव, निकुम, रिसाली, मरोदा टैंक, सेजस उतई, कन्या उतई, पुरई, उमरपोटी डुंडेरा, सेजस सेलूद, कन्या सेलूद्र, देवादा, कन्या तर्रा, मर्रा, हाईस्कूल कानाकोट, घुघवा, मचान्दुर, पाउवारा, पंहडोर स्कूल के लिए प्रश्नपत्र भेजे गए। करंजा भिलाई, ननकट्टी, खम्हरिया, औरी, बोरी, नवागांव, पुरदा, लिटिया, टेमरी, हिर्री, चीचा, घोटवानी परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्नपत्र बांटे। केसरा , सेजस पाटन, कन्या पाटन, तेलीगुंड्रा, सेमरी, भनसुली, तरीघाट, ओदरागहन, सेजस रानीतराई, बेल्हारी, सेजस जामगांव आर, बटरेल, कन्या रानीतराई के लिए प्रश्नपत्र वितरण हुआ। कुगदा, सेजस कुम्हारी, पाहंदा कपसदा, लिमतरा, जामगांव एम, झीट, अमलेश्वर, जमराव, सांकरा पाटन, जेवरा सिरसा, बालक धमधा, कन्या धमधा, पेड्रावन, दारगांव, राजपुर, कन्हारपुरी, बरहापुर, घोंठा, देवरी, कौही, सेमरिया, सेजस अहिवारा, सेजस नंदनी खुंदनी, गिरहोला, माटरा, मेड़ेसरा केन्द्रों को प्रश्न पत्र वितरण किया गया।





### 15 थानों के स्ट्रांग रूम में जमा पेटी

दसवी-बारहवीं के प्रश्नपत्रों को कुल 27 थानों में रखा जाना है। पहले दिन सोमवार को 15 थानों में प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में रखवाया गया है। स्ट्रांग रूम तक पेटियों को जमा करवाने के लिए कुल छह रूटों से बसों को रवाना किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के बीच बसों को संबंधित परीक्षा केंद्रों के थाने में भेजा गया। बसों में स्वयं केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष व सहयोगी भी साथ रहे। दूसरे दिन यानी मंगलवार को शेष 12 थानों में प्रश्नपत्रों की पेटी रखवाई जाएगी। जिस दिन जिस विषय के प्रश्नपत्रों की परीक्षा होगी उस दिन थाने से परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र लाया जाएगा।

### जिले में 135 परीक्षा केंद्रों में होगी परीक्षा

दुर्ग जिले में शिक्षा सत्र 2025-26 में दसवी और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 135 केंद्र बनाए गए हैं। एक पुराने केन्द्र इन्दिरा गाधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर सुपेला भिलाई को बंद किया गया है। नया केन्द्र सेजस फरीद नगर भिलाई को बनाया गया है। दुर्ग ब्लॉक में कुल 68, पाटन ब्लॉक में 36 और धमधा ब्लॉक में 31 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन परीक्षा केंद्रों दसवीं के 16857 विद्यार्थी और बारहवीं में 13563 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### आज भी बांटे जाएंगे प्रश्नपत्र

दसवी और बारहवीं बोर्ड के प्रश्नपत्र व गोपनीय सामग्री का वितरण जेआरडी स्कूल में किया गया। 56 परीक्षा केंद्रों के प्रश्नपत्र व गोपनीय सामग्री का वितरण 17 फरवरी को भी होगा।

**अरविंद कुमार मिश्रा,** डीईओ

## रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखने की मांग को लेकर निकली जनजागरण बाइक रैली

# किराया वृद्धि से गुस्साए सैकड़ों रिटेंशनधारी सड़क पर उतरे, समर्थन में आए व्यापारी

### सेवानिवृत्त कार्मिक रिटेंशनधारी कल्याण संघ ने कहा- कुंभकर्णीय नींद से जागें बीएसपी अफसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की रिटेंशन योजना का किराया वृद्धि और स्कीम को बंद करने से गुस्साए सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी सोमवार को सड़क पर उतरे। टाउनशिप में रिटेंशनधारियों, व्यापारियों और समर्थकों की ऐतिहासिक जन जागरण बाइक रैली निकली । सभी सेक्टरों के प्रमुख मार्गों व बाजारों से निकली रैली में रिटेंशनधारियों ने प्रबंधन के निर्णय को कर्मचारी विरोधी करार देते हुए विरोध जताया और रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखे जाने की मांग की। जल्द ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

बीएसपी सेवानिवृत्त कार्मिक कल्याण संघ के बैनर तले पूर्व घोषणा के अनुसार दोपहर भव्य जनजागरण बाइक रैली निकली। दोपहर करीब दो बजे सेक्टर 10 सड़क 11 व 12 मैदान से सैकड़ों रिटेंशनधारी इकट्ठे हुए। यहां से सैकड़ों आवासधारियों व समर्थकों की रैली 3 बजे शुरु हुई। बीएसपी अधिकारियों को कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए निकली जन जागरण बाइक रैली में शामिल रिटायर दोपहिया सवार रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे रहे थे। रैली सेक्टर 10 बीए मार्केट व सेक्टर 7मार्केट कल्याण कालेज सड़क 10 व एमजीएम स्कूल रोड से होते हुए सेक्टर 6 ए मार्केट, सेक्टर 2, सेक्टर 4 बाजार होते हुए सेक्टर 1 इक्विपमेंट चौक पहुंची। यहां कुछ देर नारेबाजी व प्रदर्शन के करने के बाद रैली सेक्टर 4 व सेक्टर 5 मार्केट होते हुए सिविक सेंटर मार्केट परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। रैली के बीएसपी नगर सेवाएं विभाग के प्रशासनिक भवन के सामने से गुजरने पर मांग पूरी नहीं होने से गुस्साए कुछ रिटेंशनधारियों ने बीएसपी अधकारियों के खिलाफ उग्र नारेबाजी की। । रैली का सेक्टर 10 मार्केट, सेक्टर 1 बाजार व सेक्टर 6 मार्केट सहित सिविक सेंटर मार्केट में स्टील सिटी चेंबर आफ कामर्स सहित व्यापारियों ने समर्थन देते हुए पुष्पवर्षा से स्वागत किया।दो घंटे तक टाउनशिप के आवासीय व बाजारों से निकली स्कूटर रैली लोगो के आकर्षण का केंद्र बनी रही। रैली में रिटायर आम कर्मियों के साथ सेवानिवृत्त अधिकारी व डाक्टर तथा शिक्षक भी शामिल थे।







### सिविक सेंटर मार्केट में स्टील सिटी चेंबर ने किया स्वागत

सिविकसेंटर मार्केट परिसर में शाम 5 बजे रैली के पहुंचने पर व्यापारियों ने रैली का जोशीला स्वागत किया। रैली के आगे खुली जीप पर रिटेंशन संघ नेता व व्यापारी संघ नेता सहित भाजपा की सुमन कन्नौजे खड़ी थीं। ररैली को रिटेंशनधारी संघ व व्यापारी नेताओं ने संबोधित करते हुए बीएसपी प्रबंधन से रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखने पर जोर देते हुए जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। सेवानिवृत्त कार्मिक संघ के कोर ग्रुप के सुरेशचंद ने कहा कि जिन कार्मिकों ने अपने खून पसीने से बीएसपी को यहां तक पहुंचाया, उन्हें बीएसपी वृद्धावस्था में बेघर कर रही है। बीएसपी अधिकारी 32 गुना किराया वृद्धि को वापस लेकर रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखे। मांग पूरी होते तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय का इस्पात मंत्री से राहत के लिए चर्चा करने पर आभार जताते हुए जल्द निदान की आशा जताई। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बीएसपी के निर्णय को कर्मचारी विरोधी बताते हुए इस वापस नहीं लेने पर आगे आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। स्टील सिटी चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने कहा कि पूरा व्यापारी वर्ग रिटेंशधारियों के साथ है । बीएसपी अधिकारी अपने फरमान को तत्काल वापस लें वरना असंतोष बढ़ेगा। यहां चैंबर आफ कामर्स के रामकृष्ण मूंदड़ा, गुरनाम सिंह, प्रदीप बाकलीवाल, श्रीनिवास खेड़िया,मनोहर पटले, विजय खेतान, राजू जैन, अनिल सिंह, अशोक निगोतिया, धर्माराव आदि बड़ी तादाद में व्यापारी व रिटायर कर्मचारी तथा समर्थक उपस्थित थे।

## डीआईसी ट्रॉफी इंटर एलुमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में एनआईटी रायपुर विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल का सेक्टर 1 क्रिकेट स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि बीएसपी के निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा व विशिष्ट अतिथि ईडी चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, राकेश कुमार, सीएमओ डां. उदय कुमार, सीजीएम रमेश गहरवार, सीजीएम तुषार कांत, एसके घोषाल, टी. दस्तीदार, त्रिभुवन बैठा,ओए सेफी व ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर महासचिव अंकुर मिश्रा, सहित कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, उपाध्यक्ष द्वय संतोष सिंह, रेमी थॉमस, उपाध्यक्ष-माइंस नीतेश छत्री, सचिव द्वय प्रहलाद मौर्या, अनु पी उपस्थित थे। श्री महापात्रा ने आने वाले समय में इस प्रकार की अन्य खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत करने के लिए स्पोर्टस डिपार्टमेंट व ओए-बीएसपी को निर्देशित किया।

■ डीआईसी महापात्रा ने विजेता को दी ट्राफी

श्री बंछोर ने कहा कि 5 वर्षों से डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह परस्पर सम्पर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है।

सिका एवं एनआईटी रायपुर की टीमों के मध्य खेला गया। सिका टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 15 ओवरों में 3 विकेट खोकर 91 रन बनाए। कपिल नायडू ने 34 एवं गोवर्धन रात्रे ने 20 रनों की पारी खेली और एनआईटी रायपुर को जीत के लिए 92 रनों का लक्ष्य दिया। एनआइटी रायपुर की ओर से सौरभ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 14 रन देकर विकेट लिए। इसके जवाब में उतरी एनआइटी रायपुर के तेजकरण और व कप्तान वेदप्रकाश तिवारी के शानदार बल्लेबाजी के बदौलत एनआईटी रायपुर 13.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 96 रन बनाकर मैच जीत लिया । एनआईटी रायपुर 5 विकेट से डीआईसी ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। एनआईटी रायपुर के कप्तान वेदप्रकाश तिवारी ने 33 रनों की पारी खेली तथा सलामी बल्लेबाज तेजकरण ने 20 रनों की पारी खेली। निदेशक प्रभारी चितरंजन महापात्रा द्वारा एनआईटी रायपुर की टीम को डीआईसी ट्रॉफी एवं सिका की टीम को रनर अप ट्राफी प्रदान किया गया। एनआईटी रायपुर के कप्तान वेदप्रकाश तिवारी को फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच मिला।

## बिना लाइसेंस के व्यापार करने और सड़क बाधा पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बिना लाइसेंस के व्यवसाय करने एवं सड़को पर अवैध रूप से सामान रखकर सड़क बाधा करने वालो पर चालानी कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में जोन-1 नेहरू नगर स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी एवं उनकी टीम द्वारा वार्ड 17 आकाश गंगा के हिमालय काम्पलेक्स के पास प्रतिष्ठान में अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाये जाने एवं अवैध रूप से सड़क पर सामान रखकर आवागमन बाधित करने वालो पर चालानी कार्यवाही करते हुए समझाइश दी गई है। फूल किड्स के पास अनुज्ञप्ति लाईसेंस नहीं पाये जाने पर 500 रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। वहीं सड़क बाधा करने वाले नैनतारा ज्वेलर्स 2 हजार रुपये, एसएस पेपर्स 2 हजार रुपए एवं अरोरा टायर्स हाउस से 500 रुपए इस प्रकार कुल 5 हजार रुपए की चालानी कार्यवाही की गई ।



## ऊर्जा प्रबंधन विभाग में सुरक्षा सप्ताह सक्रिय जोखिम पहचान पर विशेष बल

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) द्वारा 14 फरवरी तक सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले इस आयोजन के माध्यम से विभाग की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया, जिसका लक्ष्य "शून्य क्षति कार्यस्थल की परिकल्पना को साकार करना है।

ऊर्जा प्रबंधन विभाग के विभिन्न अनुभागों के कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने तथा संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उन्हें नियंत्रित करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि किसी भी घटना के घटित होने से पूर्व ही प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकें। सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## सेल ने 200 लाख टन बिक्री का तय किया लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की वित्त वर्ष 2024-25 में बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है।वित्तीय सूझबूझ का प्रयास वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी दिखाई दिया। लक्ष्य हासिल करने में भिलाई इस्पात संयंत्र का अहम योगदान होगा। निदेशक (वित्त) डॉ. एके पंडा ने उलब्धी को सेल की लंबी ऊंची छलांग बताते हुए कहा कि ऋण में कटौती महत्वपूर्ण रही है। इसमें अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान 5 हजार करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। पिछले साल 31 दिसंबर, 2025 तक ऋण 24,852 करोड़ था, जिसके बाद जनवरी 2026 में 2,000 करोड़ की और कमी आई। इस अनुशासित ऋण कटौती ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं। कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की नौ महीने की अवधि में बिक्री की मात्रा में 16.3% की वृद्धि दर्ज की गई है।

### नकदी प्रवाह को बढ़ाया

स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया। इससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई।लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। सालाना मैनपावर में कमी से प्रति टन कार्मिक लागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग से ऊर्जा व्यय में बचत हो रही है। कंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ-साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है।

## शहीद वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

# पूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि, कहा- 14 फरवरी बलिदान का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने आयोजित कार्यक्रम में 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए अमर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। इसके बाद शहीद वीर जवानों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के दौरान जो शहीद हुए हैं उनकी ज़रा याद करो कुर्बानी, तुम भूल न जाओ उनको इसलिए सुनो ये कहानी गूंज रहा था। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष टेकराम साहू ने की। उपाध्यक्ष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन तुलावी, सचिव कमलेश चौबे, उपकोषाध्यक्ष दिलीप खरे, मीडिया प्रभारी ज्ञानेश्वर पटेल, सलाहकार संतोष वर्मा, संरक्षक कल्याण वर्मा, नितीप्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य विनोद शोरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शहीद के पुत्र को किया सम्मानित

इस अवसर पर 12 दिसंबर 2017 को शहीद हुए सहायक उपनिरीक्षक सोमाराम (छत्तीसगढ़ पुलिस) के सुपुत्र जितेंद्र कुमार को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि उस अदम्य साहस का अभिनंदन था जिसने मातृभूमि की रक्षा में सर्वस्व अर्पित कर दिया। मंच संचालन करते हुए संतोष वर्मा ने 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी कोई साधारण तिथि नहीं, बल्कि शौर्य त्याग और बलिदान का प्रतीक दिवस है। तुम कितनी भी कयास लगा लो हम खून देने के लिए तत्पर हैं और बता दिए पूरी दुनिया को कि अर्ध सैनिक बल अपने शौर्य में पीछे नहीं है।



### एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है

अध्यक्ष टेकराम साहू, उपाध्यक्ष कुमार साहू एवं कोषाध्यक्ष पवन तुलावी ने अपने उद्बोधन में शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। कार्यक्रम में संघ की नई सदस्य करुणेश साहू एवं दासलीशा का सम्मान किया गया। वहीं, पवन साहू एवं योगेश वर्मा को कोर कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। भावुक शब्दों में कहा-लहू से सींच कर धरती को अमर कहानी लिख गए, वतन की आन की खातिर हंसते-हंसते मिट गए।

### पुस्तक संगठन के कर्तव्य एवं उद्देश्यों का विमोचन

कार्यक्रम के दौरान संतोष वर्मा कृत संगठन के कर्तव्य एवं उद्देश्यों का विमोचन किया गया। साथ ही आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं गणमान्य सदस्य दासलिसा, करूनेश साहू, अमरसिंह वासनिक, बीआर साहू, उदय राम, मन्नू लाल, संत राम चौहान, जितेंद्र कुमार साहू, कुंजी लाल ठाकुर, नाम दास, जे बंजारे, अमरसिंह, सोनल नेताम, वाजिद अली खान, सीएल. चंद्राकर, अर्जुन सिंह, डोमार सिंह साहू, विजय देशमुख, जीपी गायकवाड़, पीआर यादव, गरीब राम यादव, नेम चंद्र, भुवन, एसके वर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी ऊंचा कर दिया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 17 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

02



नियमित योगाभ्यास और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने लिया संकल्प

## लाइव इवेंट

### निधन के बाद किया नेत्रदान, दो लोगों को मिलेगी रोशनी



**दुर्ग।** गंजपारा निवासी गोपाल चौरडिया के निधन के बाद उनके नेत्रदान के बाद उनके नेत्रों से दो नेत्रहीन अब प्रकृति को सामान्य रूप से देख सकेंगे। उनके पारिवारिक सदस्य नवीन संचेती के प्रयास से उनकी पत्नी अंजना चौरडिया, भाई ज्ञानचंद, शांतिलाल, पुत्र आलोक, अतुल चौरड़िया, बहु मोनिका, प्रियंका, पुत्री अल्का मेहता, दामाद प्रदीप मेहता की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुआ। नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया, कुलवंत भाटिया, मुकेश राठी, हरमन दुलई, रितेश जैन, आनंद जैन, राकेश गोलछा, कमलेश सांखला, बीएम शाह हॉस्पिटल पहुंचे। नेत्रदान हेतु व्यवस्था संभाली। शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डॉ. संदीप बचकर व नेत्र प्रभारी विवेक कसार ने कॉर्निया कलेक्ट किया। ज्ञानचंद ने कहा आज भाई के निधन से पूरा परिवार सदमे में है एवं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। भाई के नेत्रों से दो परिवारों को नई ज्योति मिलेगी। इस नेत्रदान के निर्णय से परिवार को संतुष्टि है। आशा है समाज इस से प्रेरणा लेगा। इस अवसर पर अनिल बल्लेवार, प्रवीण तिवारी, जितेंद्र हासवानी, मंगल अग्रवाल, किरण भंडारी, उज्जवल पींचा, सत्येंद्र राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### नवकार मंत्र के जप के साथ महावीर जन्म कल्याण महोत्सव के लिए कार्यालय का उद्घाटन



**दुर्ग।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति का कार्यालय बांधा तालाब में विधिवत नवकार महामंत्र के जप अनुष्ठान के साथ उद्घाटन हुआ। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कांतिलाल बोथरा, निर्मल बाफना, उत्तम भंडारी, किशोर जैन सहित दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज के विभिन्न घटक दलों के लोग विशेष रूप से कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर शामिल हुए। जन्म कल्याणक महोत्सव के संयोजन एवं विधिवत संचालन के लिए जन्म महोत्सव समिति के पदाधिकारी विभिन्न घटक दलों के सदस्यों से नियमित सम्पर्क में रहते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेंगे। समिति के अध्यक्ष योगेश बरडिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भगवान महावीर के जन्मोत्सव को भवतिभव रुप से मनाने के लिए सभी के प्रत्यक्ष सहयोग का निवेदन किया है। जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के विजय कोठारी, संदीप निमाणी, मनीष बड़जात्या, प्रभात सांखला, प्रवीण बोथरा, आकाश पारख, अक्षय जैन, राहुल बरमेचा, नितेश जैन, संभव जैन सहित अन्य सामाजिक लोग मौजूद थे। आयोजन 27 मार्च से 31 मार्च तक सामाजिक सांस्कृतिक एवं सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ बनाए जाने का निर्णय लिया गया।

## स्पोर्ट्स इवेंट

### ओपन चेस चैम्पियनशिप 22 फरवरी को



**दुर्ग।** रैपिड चेस चैम्पियनशिप 22 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। भिलाई में फर्स्ट स्टील सिटी भिलाई ओपन चेस चैंपियनशिप का आयोजन स्वामीनारायण गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल सूर्या विहार होगा। इसमें सभी उम्र के खिलाड़ी अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। प्रवेश के लिये 19 फरवरी अंतिम तारीख है। प्रवेश या अधिक जानकारी ली जा सकती है। इस रैपिड टूर्नामेंट में 40,000 से अधिक के पुरस्कार रखे गये हैं। इसका आयोजन टीम चेस स्क्वायर कर रही है। टीम चेस सिटी का भी सहयोग मिल रहा है। आयोजक देवदत्त महानंद ने खिलाड़ियों और पालकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में सम्मिलित होकर अपने खेल को निखारने की अपील की है।

## बेल के पौधे नि:शुल्क बांटे

**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल के संरक्षक बालू राम वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर औषधि युक्त बेल पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। प्रजापति ईश्वरीय विश्वविद्यालय सड़क 2 सेक्टर 7 स्थित ओम शांति परिसर में आने वाले दर्शनार्थियों को वितरण किया गया। साथ ही साथ बेल पौधा का गुण, कर्म, स्वभाव का विस्तार से लोगों को जानकारी दी गई। इस पुनीत कार्य पर दीपेश वर्मा, डीपी चौधरी सहित पर्यावरण मित्रों का विशेष सहयोग रहा।



● स्कंदाश्रम हुडको में 5 दिवसीय 17वें महारुद्रम महोत्सव का हुआ समापन

# महाशिवरात्रि में रात्रि जागरण कर पापों से मुक्त होने भक्तों ने की शिव उपासना, मंत्र जाप के साथ लगाया ध्यान, चारों पहर की पूजा, दी पूर्णाहुति

**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर ट्विनसिटी में जगह-जगह हर्षोल्लास और आध्यात्मिक वातावरण दिखाई दिया। महाशिवरात्रि में रात्रि जागरण का विशेष महत्व होने के चलते सभी शिवालयों में भजन-कीर्तन और चारों पहर के अभिषेक का दौर चलता रहा। सोमवार की सुबह हवन में पूर्णाहूति देकर अनुष्ठान का समापन हुआ। वहीं स्कंदाश्रम हुडकों में 5 दिवसीय 17वें महारुद्रम महोत्सव का समापन सोमवार को मंत्रोच्चार से हवन-पूजन कर कर किया गया। पंडितों के अनुसार महाशिवरात्रि की रात को जागरण की रात माना जाता है। रात में जागरण करने से आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। मान्यता है कि इस रात शिव उपासना, मंत्र जाप और ध्यान करने से पाप क्षीण होते हैं और मन को शांति मिलती है। व्रत व जागरण से आत्मसंयम, सकारात्मकता और मानसिक शक्ति भी बढ़ती है और भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त होती है।सेक्टर 4 एसएनजी मंदिर, बैकुंठधाम, सेक्टर 6 और 7 के मंदिरों में भी दिन भर पूजा पाठ के बाद रात में जागरण कर अनुष्ठान का समापन किया गया।





### लगातार होते रहे अनुष्ठान

स्कंद आश्रम हुडको में महारुद्रम महोत्सव में पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक तीसरे, चौथे, पांचवें काल के साथ विशेष प्रदोष काल की भी पूजा हुई। आचार्यों ने बताया कि प्रदोष की तिथि सोमवार और शनिवार को आने पर उसे विशेष माना जाता है। शनिवार को पड़ने की वजह से शनि प्रदोष विशेष था। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों की मौजूदगी में गोधूलि बेला के समय हुए विशेष शनि प्रदोष पूजा में विधिपूर्वक पूजा और मंत्र जाप हुई। जिससे शनि दोष शांत होता है तथा सुख, शांति, समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। शाम के समय क्रमा अर्चना के बाद स्तोत्र माला का भी पाठ और जाप हुआ। दीदी शिवरंजनी ने बताया कि महाशिवरात्रि की रात को जागरण की रात माना जाता है। रात जागरण करने से आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। माना जाता है कि इस रात शिव उपासना, मंत्र जाप और ध्यान करने से पाप क्षीण होते हैं और मन को शांति मिलती है। व्रत व जागरण से आत्मसंयम, सकारात्मकता और मानसिक शक्ति भी बढ़ती है। भोलेनाथ की विशेष कृपा प्राप्त होती है।



**दी गई पूर्णाहुति :** स्कंदाश्रम में हो रहे 17वें महारुद्रम महोत्सव का सोमवार की दोपहर को हवन के बाद महापूर्णाहूति के साथ समापन हुआ। दोपहर में भक्तिमय वातावरण में सैकड़ों श्रद्धालुओं के उपस्थिति में घी से वसुधरा हवन के बाद चंदन, हल्दी, कुमकुम के साथ विभिन्न प्रकार के फल, फूल, मिठाइयां और शिवजी के प्रिय पलाश की लकड़ी अग्नि में अर्पित की गई। जिसके बाद महापूर्णाहूति हुई और साथ ही पांच दिनों तक हुए पूजा में रखे कलशों के जल से पारद शिवलिंग का अभिषेक किया गया। महापूर्णाहूति के समय दीदी शिवरंजनी ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और राज्य के खुशहाली और समृद्धि की कामना करते हुए महादेव और गुरु मणि स्वामी से प्रार्थना की। स्कंदाश्रम के प्रेसिडेंट शशांक रस्तोगी और छोटे गुरु रामाकृष्णा ने महारुद्रम महोत्सव में शामिलश्रद्धालुओं को गुरु मंत्र भी दिया गया।

### गजानन मंदिर दुर्ग में हुआ रुद्राभिषेक

शिवरात्रि के अवसर पर गजानन महाराज मंदिर दुर्ग में 11 ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न किया गया। जिसमें ब्राह्मणों के अलावा अन्य भक्तों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शिव बाबा का विशेष द्रव्यों से अभिषेक, पूजन और श्रृंगार कर महाआरती और पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर प्रसाद का वितरण भी किया गया।



## सेकंड सीनियर नेशनल 3 ए साइड वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तेलंगाना एवं पुडुचेरी विजेता





**भिलाई।** छत्तीसगढ़ 3 ए साइड फेडरेशन द्वारा आयोजित सेकंड सीनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में पुडुचेरी की टीम एवं महिला वर्ग में तेलंगाना की टीम ने विजेता का किताब जीता। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दोनों ही वर्ग में काफी रोमांचक रहा। पुरुष वर्ग में जहां तेलंगाना एवं पुडुचेरी के मध्य कांटे के टक्कर के मुकाबले में 21-12, 16-21, 21-15 स्कोर आया।

टीम 2-1 से विजयी रही। वहीं महिला वर्ग में तेलंगाना एवं छत्तीसगढ़ की टीम के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया। तेलंगाना की टीम में छत्तीसगढ़ की टीम को सीधे मुकाबले में 21-18, 21 -19 से सीधे सेटों में 2-0 से विजय हुई। पुरुष वर्ग में बिहार की टीम तीसरे स्थान पर रही। महिला वर्ग में मध्य प्रदेश के टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू,, पुनीता नेहरू, कल्पना स्वामी, दविंदर सिंह, ओमप्रकाश मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप मिश्रा एवं आभार प्रदर्शन ओपी सिंह सचिव छत्तीसगढ़ ने किया। इस अवसर पर साइड वालीबॉल फेडरेशन के सेवा सिंह मिश्रा, राजेंद्र सिंह, गोपाल राव, देवेंद्र साहू, रश्मि सिंह कलाम, राजा तिवारी आदि मौजूद थे।

## भक्ति और आध्यात्मिक जागरुकता व लोक आस्था का प्रतीक है महाशिवरात्रि पर्व



**भिलाई।** रिसाली, अवधपुरी, रामेश्वरम महादेव मंदिर, प्राचीन बैकुंठ धाम मंदिर, नेवई, रुआंबधा बस्ती, तालपुरी बी ब्लॉक कॉलोनी, धनोरा उतई, कदाम्बरी नगर दुर्ग , शिवनाथ नदी दुर्ग स्थति मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने भगवान भोलेशंकर का रुद्रा अभिषेक व पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवा- शिव की आराधना का एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह पर्व हमें भगवा- शिव की महिमा और उनके द्वारा दिए गए संदेशों को याद दिलाता है। भगवान शिव से प्रार्थना करता हूं कि वे प्रदेश वासियों को सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। उन्होंने कहा कि भगवा- शिव की पूजा अर्चना करने से हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

जेसीआई दुर्ग–भिलाई द्वारा का आयोजन, विभिन्न राउंड में लिया भाग

# बॉलीवुड के 70-80 के दशक की दिखी झलक, एक हसीना थी... थीम पर किया सेलिब्रेशन, ट्रेजर हंट गेम में मारी बाजी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जेसीआई दुर्ग–भिलाई द्वारा वैलेंटाइन डे के अवसर पर थीम आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम एक हसीना थी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी प्रतिभागियों ने कई मनोरंजक गेम्स के अंतर्गत ट्रेजर हंट गेम सूझबूझ और उत्साह के साथ विभिन्न राउंड्स में हिस्सा लिया और एक हसीना थी की थीम पर रंगारंग कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। जिसमें 70 से 80 के दशक की बॉलीवुड झलक ने पूरे माहौल को फिल्मी रंग में रंग दिया। सभी सदस्य उसी दौर की आइकॉनिक बॉलीवुड स्टाइल में सजे-धजे नजर आए, जिससे कार्यक्रम में ग्लैमर और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।



### रोचक गेम्स में प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में अध्यक्ष संतोष रानू कुमार ने कहा कि जेसीआई दुर्ग–भिलाई केवल नेतृत्व विकास का मंच नहीं, बल्कि सदस्यों की रचनात्मक अभिव्यक्ति और पारस्परिक सौहार्द को प्रोत्साहित करने वाला संगठन है। प्रारंभिक सत्र में रोचक गेम्स जैसे कलर बॉल मैचिंग एवं कप अरेंजिंग ने सभी को उत्साहित किया। जिनका संचालन अंकित-निकिता शाह एवं जेसी रचित-पत्रिका जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोनू श्रुति जैन ने किया। आयोजित ट्रेजर हंट गेम ने कार्यक्रम में रोमांच और उत्साह का नया आयाम जोड़ा। इस गेम ने टीम भावना, सूझबूझ और उत्साह के साथ विभिन्न राउंड्स में भाग लिया, जिससे पूरे सभागार में ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा का सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

### पुराने गानों पर किया डांस

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक हसीना थी थीम पर आधारित डांस प्रस्तुतियां रहीं, जिनमें 70–80 के दशक की बॉलीवुड झलक ने पूरे माहौल को फिल्मी रंग में रंग दिया। सभी सदस्य उसी दौर की आइकॉनिक बॉलीवुड स्टाइल में सजे-धजे नजर आए, जिससे कार्यक्रम में ग्लैमर और उत्साह का विशेष वातावरण देखने को मिला। आयोजन में आशीष रिनाल तुराखिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर ट्विंकल खेमुका पारख ने कहा कि ऐसे थीम आधारित आयोजन संगठन की गतिविधियों को नई ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ सदस्यों की सक्रिय सहभागिता को भी प्रोत्साहित करते हैं। कार्यक्रम का समापन सभी सदस्यों के मन में मधुर स्मृतियां छोड़ दीं।

## सिटी इवेंट

### भगवान भोलेनाथ से की विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना



**भिलाई।** महाशिवरात्रि के अवसर पर हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। पं. संदीप द्वारा बाबा चन्द्रमौलेश्वर महादेव दुग्ध अभिषेक और पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। विद्यालय के निदेशक बृजमोहन उपाध्याय, अनीता उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा, दीप्ति तिवारी, निखिल उपाध्याय, नित्या रानी, आरबी मिश्रा, शिवाजी सिंह, देवेंद्र उपाध्याय, शारदा गुप्ता, पृथ्वी रॉय, राममिलन, नीलू चंद्राकर इस दौरान उपस्थित थे। पूजन के दौरान बाबा विश्वनाथ से विद्यालय परिवार की उन्नति, विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। पूरे परिसर में भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण व्याप्त रहा, जिससे माहौल आध्यात्मिक रंग में रंग गया। कार्यक्रम के उपरांत महाप्रसाद वितरण किया गया।

## धर्म लाइव

### देविका ने सीबीएसई खेल-कूद स्पर्धा में रचा इतिहास, मिला स्वर्ण पदक

**भिलाई।** शारदा विद्यालय रिसाली की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा देविका सागरवंशी ने वर्ष 2025-26 में क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा आयोजित सीबीएसई खेलकूद फॉर ईस्ट जोन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल करते हुए अपना



नाम सीबीएसई नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में दर्ज कराया। अक्टूबर माह में हरियाणा में आयोजित नेशनल मुक्केबाजी प्रतियोगिता में देविका ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में सीबीएसई का प्रतिनिधित्व किया। छात्रा ने एसजीएफआई में अपनी साहसिक प्रतिस्पर्धा से अपने प्रतिद्वन्द्वियों को बड़ी चुनौती देते हुए प्रथम भाग में जीत भी हासिल की। उल्लेखनीय है कि विद्यालय प्रबंधन समिति ने छात्रा को पूर्ण सहयोग प्रदान किया और हर कदम पर छात्रा को प्रोत्साहन भी दिया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय डायरेक्टर संजय ओझा ने बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। विद्यालय मैनेजर ममता ओझा, प्रिंसिपल रूद्रकान्त झा, हेडमिस्ट्रेस पुष्पा सिंह, सीनियर मिस्ट्रेस शीष्टि राव, एक्टिविटी इंचार्ज पूजा बब्बर, प्रतीक ओझा ने भी छात्रा का उत्साहवर्धन किया।

## समाज इवेंट

### नक्सल समस्या उन्मूलन पर होगा प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री का नागरिक अभिनंदन



**भिलाई।** नक्सल समस्या के पूर्ण उन्मूलन पर छत्तीसगढ़ के समस्त कलाकार सांसद विजय बघेल के नेतृत्व में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का दुनिया में सबसे बड़ा नागरिक अभिनंदन करेंगे। वहीं उन्हें भारतोद्धारक और भारतवीर की उपाधि से भी विभूषित करेंगे। सांसद निवास में मिलने गए कलाकारों से सांसद ने कहा कि वे इस कार्यक्रम को सफल बनाने अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक डॉ. अंकुश देवांगन, चित्रकार रोहिणी पाटणकर और बी.एल. सोनी, रंगकर्मी विजय शर्मा, तरूण धोटे, साहित्यकार मेनका वर्मा और खैरागढ़ से गुंजन शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे शीघ्र ही छत्तीसगढ़ के सभी कलाकारों के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर इस योजना को अंतिम स्वरूप प्रदान करेंगे। उन्होंने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि नासूर बन चुकी नक्सली समस्या का हल होना विकसित भारत के लिए आवश्यक है। कश्मीर से धारा 370 हटने पर भी नागरिक अभिनंदन किया जाना था। छत्तीसगढ़ में ऐसा अभिनंदन होगा कि पूरी दुनिया याद रखेगी। उन्होंने यह भी कहा कि देश आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में द्रुतगति से तरक्की करते हुए विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने अग्रसर है। ऐसे समय में उनका अभिनंदन प्रासंगिक है। इस आयोजन से देश में अभूतपूर्व एकता का सूत्रपात होगा।

- कलाकारों ने निवास पहुंचकर सांसद विजय बघेल से की मुलाकात

अंकुश देवांगन और उनके साथ अनेक कलाकार लगभग 35 वर्षों से बस्तर के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हिंसा छोड़ो कला से नाता जोड़ो जैसा आंदोलन चला रहे हैं। ताकि यहां के बच्चे नक्सली ना बनें। इस दौरान मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, राष्ट्रपति पुरस्कृत गुरुजी परसराम साहू, समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, कवि पी. वाल्सन, मूर्तिकार मोहन बराल, ब्रजेश तिवारी, वीरेंद्र पटनायक, विक्रम अपना, यश दलवी, कांता दलवी सहित अन्य कलाकर मौजूद रहे।

● श्री खाटू धाम स्थापना के लिए हुआ वैदिक मंत्रोच्चार, बनारस से आएंगे पंडित

# शांतिनगर में होगी खाटू धाम की स्थापना, राजस्थान से आयेगी बाबा की प्रतिमा, भोग के लिए बनेगी रसोई

**भिलाई।** ट्विनसिटी के शांति नगर दशहरा मैदान में बहुप्रतीक्षित भव्य खाटू श्याम मंदिर निर्माण की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हुए विधि-विधान के साथ भूमि पूजन किया गया। श्रद्धालुओं की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार, हवन और पूजा-अर्चना के साथ मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया और श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाए और पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार 2500 वर्गफीट मंदिर प्रांगण के निर्माण का कार्य लगभग दो महिने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।जिसकी लागत 10 लाख रु से अधिक आयेगी। साथ ही मंदिर में विराजित होने वाली 1 लाख 21 हजार रुपये से बाबा की प्रतिमा राजस्थान से मंगाई गई है। मंदिर निर्माण के बाद यहां प्रतिदिन आरती, विशेष अवसरों पर महाप्रसाद वितरण और बड़े स्तर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही यहां बाबा के भाग बनाने के लिए विशेष रसोई का निर्माण भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महाशिवरात्रि के अवसर पर शांति नगर दशहरा मैदान स्थित पिपलेश्वर धाम मंदिर परिसर के पास श्रद्धा, आस्था और भक्तिभाव के साथ खाटू धाम की स्थापना के लिए विधिवत भूमि पूजन किया गया। मंदिर निर्माण समिति ने बताया कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से मांग थी कि श्याम बाबा का मंदिर स्थानीय स्तर पर बने, ताकि भक्तों को दर्शन-पूजन के लिए दूर न जाना पड़े। भूमि पूजन के साथ ही निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत कर दी गई है।






### दो महीने के अंदर बनेगा मंदिर और तैयार होगी रसोई

आयोजक शांति नगर के पार्षद अभिषेक मिश्रा ने बताया कि मंदिर निर्माण में लगभग 10 लाख रुपये की लागत आएगी और इसे दो माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विशेष बात यह है कि मंदिर में स्थापित की जाने वाली श्याम बाबा की मूर्ति राजस्थान से मंगाई जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को मूल धाम जैसी अनुभूति मिल सके। निर्माण पूर्ण होने के बाद यहां प्रतिदिन आरती, भजन-कीर्तन, उत्सव और विशेष अवसरों पर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।



### पूजा-पाठ के लिए बनारस से आएंगे विद्वान पंडित

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भिलाई, चरोदा, कुम्हारी सहित आसपास के श्याम भक्तों की आस्था को पूरा करने वाले इस मंदिर में जहां राजस्थान से बाबा रुप मंगाया गया गया है वही इस मंदिर के पुजारी भोलेबाबा की नगरी बनारस से आयेंगे। साथ खाटूं श्याम बाबा को लगने वाला सभी पहर के भोग के लिए विशेष रसोई का भी निर्माण किया जाएगा। यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख स्थल सिद्ध होगा। क्षेत्रवासियों ने इसे अपनी अटूट श्रद्धा और सामूहिक सहयोग का प्रतीक बताया।

### मंदिर स्थापना को लेकर बैठक में लिए निर्णय

मंदिर स्थापना को लेकर बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। साथ ही युद्ध स्तर पर मंदिर स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में विनोद सोनी, अटल वर्मा, मानसिंग, सतीश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, बिसेन, जॉनी, राधेश्याम शर्मा, चैतन्य, अशोक पटेल, गीतांजलि साहू, मीना सिंह, अनसूइया साहू, विजय लक्ष्मी राव, आरती साहू, लक्ष्मी देवांगन, अनीता कपूर, संध्या मिश्रा, अनीता शर्मा, सुपर्णा दास, अनीता बिसेन, बैंजो गुप्ता, उर्मिला वर्मा,वीणा साहू, किरण तेंदुलकर, शैल प्रजापति, कृष्णावेणी रेड्डी, आरती देवी, उर्मिला कुशवाहा, सुनीता और रुक्मणी वर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नेहरू नगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम

### नियमित योगाभ्यास और प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाने लिया संकल्प



**भिलाई।** योग, प्राकृतिक चिकित्सा और तनाव प्रबंधन विषय पर ज्येष्ठ नागरिक मंच सीनियर सिटीजन फोरम, नेहरू नगर योग केंद्र भिलाई में व्याख्यान और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भोपाल से भिलाई पहुंचे योग गुरु महेश अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए योग और प्राकृतिक जीवनशैली का महत्व विस्तार से बताया। कार्यक्रम में ज्येष्ठ नागरिक मंच सीनियर सिटीजन फोरम नेहरू नगर के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, भारतीय योग संस्थान के केंद्र प्रमुख सुरेश कुमार मिश्रा, सुनील कुमार मिश्रा आदि उपस्थित थे। योग गुरु महेश अग्रवाल ने कहा कि शुभ चिंतन, नियमित उपवास, पर्याप्त और गहरी नींद, प्राकृतिक चिकित्सा तथा नियमित योगाभ्यास के साथ यदि व्यक्ति प्रेम, करुणा और त्याग की भावना को अपनाता है, तो वह आजीवन स्वस्थ और संतुलित जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि योगविद्या भारतवर्ष की प्राचीनतम संस्कृति और जीवन-पद्धति है, जिसके आधार पर हमारे पूर्वज सुखी, समृद्ध और निरोग जीवन व्यतीत करते थे। उन्होंने बताया कि पूजा-पाठ और धर्म-कर्म से जहां मानसिक शांति प्राप्त होती है, वहीं नियमित योगाभ्यास से शारीरिक स्वास्थ्य, ऊर्जा और आत्मबल में वृद्धि होती है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में पवित्रता, सात्त्विकता और अनुशासन को स्थान दे, तभी जीवन वास्तविक अर्थों में योगमय बन सकता है। उन्होंने सभी को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा की शरण में आने का संदेश दिया। उपस्थित साधकों ने नियमित योगाभ्यास अपनाने एवं प्राकृतिक जीवनशैली को जीवन में उतारने का संकल्प लिया। मौजूद लोगों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान के व्यावहारिक अभ्यास भी करवाए गए। कार्यक्रम में रामनिवास अग्रवाल, प्रदीप तिवारी, मुकुंद राव, विभा वर्मा, गीता तिवारी, वीणा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## कार्यक्रम

### सोसाइटी और कर्मचारियों का योगदान अविस्मरणीय, सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें माह जनवरी और उससे पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी कर्मियों को विदाई दी गई। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया और उनकी जमा निधियों के अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। इस दौरान अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सेवानिवृत्ति हम सब के करियर की एक नैसर्गिक व्यवस्था है लेकिन हमारे वरिष्ठ साथियों ने जो योगदान भिलाई इस्पात संयंत्र और हमारी सोसाइटी के प्रति दिया है,वह हमेशा अविस्मरणीय रहेगा। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। नगर सेवाएं विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक कृष्णानंद रॉय ने कहा कि सेक्टर-6 सोसाइटी ने पूरे सेवाकाल में हमेशा एक सहायक की भूमिका निभाई। इस दौरान प्रवीण कुमार इंग्ले, एस धनराजू ने अपने अनुभव शेयर किये।

इस अवसर पर अन्य रिटायर कर्मियों में लखन प्रसाद, पुरुषोत्तम ठाकुर, अप्पा राव, कलीराम, सुरेंद्र गौड़, परमजीत सिंह, सुखविंदर सिंह, श्यामलाल, अमरदास, दिलीप कुमार, प्रेमलाल, अरविंद कुमार, कमलेश कुमार, जीवनंदन वर्मा, आनंद कुमार, संजय कुमार, रूप राम, राजीव कुमार, सीमा मजूंमदार, शैलेंद्र पांडेय, सुकृति देव और शिव कुमार राघव को भी ससम्मान विदाई दी गई। आयोजन में संचालक मंडल उपाध्यक्ष अमिताभ वर्मा, सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने, विनोद कुमार वासनिक, नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू, शैलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार शर्मा, टी के ध्रुव सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन एम मुरलीधर और कुलेश्वर चंद्राकर ने किया।

## धूमधाम से मनाया गया परमपिता का महोत्सव

## कार्नर न्यूज

# ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर में महाशिवरात्रि पर किया ध्वजारोहण, नशामुक्ति की दिलाई शपथ

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी ने ध्वजारोहण किया। चैतन्य प्रभा दीदी, कामिनि, संगीता, देवकी, साक्षी और सभी भाई-बहनों के सानिध्य में निराकार परमपिता परमात्मा शिवबाबा का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। चैतन्य प्रभा द्धारा सभी भाई बहनों को नशा मुक्ति के लिए प्रतिज्ञा दिलाई गई।





### निवारण और समाधान स्वरूप बनने की शपथ दिलाई

इस दौरान चैतन्य प्रभा ने हर स्थिति और परिस्थिति में सदा अचल और दृढ़ रहने की बातें बताई, साथ ही शुभ भावना और शुभकामना के मंत्र द्वारा हर आत्मा को संतुष्ट करते हुए सदा संतुष्ट रहने, मीठी बोल और मुस्कुराते हुए चेहरे द्वारा हर एक के साथ मधुरता संपन्न व्यवहार करने, सच्चे और साफ दिल से भोलेनाथ शिव पिता को राजी कर चिंता और व्यर्थ चिंतन से मुक्त रहने, दृढ़ता और परिवर्तन शक्ति से हर कारण का निवारण और समाधान स्वरूप बनने की शपथ दिलाई। जिसके बाद बाबा का प्रसाद सभी को भोग के रुप में वितरित किया गया।

### 8 को शुरू हुआ था मेला

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बघेरा के आनंद सरोवर में 8 से 16 फरवरी तक नौ दिवसीय शिव दर्शन आध्यात्मिक मेला का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने इसका उद्‌घाटन किया था। इस अवसर पर विवेक अग्रवाल, ब्रह्माकुमारी रीटा दीदी उपस्थित थे। 9 दिनों तक चला यह मेला प्रतिदिन सुबह 6 से दोपहर 1 बजे तक और शाम को 5 से रात्रि 10 बजे तक लगाया गया। विशेष आकर्षण नृत्य नाटिका रहा। प्रतिदिन 2 हजार से अधिक लोग आयोजन में शामिल होने पहुंचे। संचालिका रीटा दीदी ने कहा कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जाता है, जिसमें मेडिटेशन के साथ आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया जाता है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में लक्ष्मी नारायण वर्मा को कांस्य पदक



**रायपुर।** 13 से 15 फरवरी तक जबलपुर में आयोजित 45वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 40 सदस्यीय महिला एवं पुरुष दल ने विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला सिलयारी के प्रधान पाठक लक्ष्मी नारायण वर्मा ने चार वर्षों के लंबे संघर्ष और निरंतर अभ्यास के बाद पहली बार 55 प्लस आयु वर्ग की लंबीकूद स्पर्धा में 14 फीट 14 सेंटीमीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता के पहले ही दिन छत्तीसगढ़ राज्य को शानदार सफलता मिली, जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक, 10 कांस्य पदक प्राप्त हुए। उपलब्धि पर दल के कोच गुलाब नंद एवं मैनेजर अशोक राव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं ।

## ज्योतिष

### सूर्य ग्रहण के दौरान करें इन 5 मंत्रों का जाप, मजबूत होगी कुंडली में सूर्य की स्थिति

वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को लगेगा। यह ग्रहण शनि की राशि कुंभ में घटित होगा। धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल को संवेदनशील समय माना जाता है। कहा जाता है कि इस दौरान सूर्य की ऊर्जा प्रभावित होती है और वातावरण में नकारात्मकता बढ़ सकती है। इसी कारण ग्रहण के दिन स्नान, दान और मंत्र जाप करने की परंपरा प्रचलित है। मान्यता है कि इन उपायों से मानसिक शुद्धि होती है और कुंडली में सूर्य की स्थिति मजबूत होती है।

**सूर्य गायत्री मंत्र :** ॐ भास्कराय विद्महे महातेजाय धीमहि तन्नो सूर्यः प्रचोदयात।
सूर्य गायत्री मंत्र का जाप ग्रहण के दिन विशेष फलदायी माना जाता है। विश्वास है कि इसके नियमित उच्चारण से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और बुद्धि तथा आत्मबल में वृद्धि होती है। इस मंत्र का कम से कम 11 बार जाप करना शुभ माना गया है।

**सूर्य बीज मंत्र :** ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।
यह सूर्य देव का प्रमुख बीज मंत्र माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार इसका जाप करने से जन्म कुंडली में सूर्य की स्थिति सुदृढ़ होती है और ग्रहण के अशुभ प्रभाव कम होते हैं। करियर, मान-सम्मान और पारिवारिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस मंत्र का 108 बार जाप करना उत्तम माना गया है।

**सूर्य का तांत्रिक मंत्र :** ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः।
इस मंत्र को स्वास्थ्य लाभ देने वाला भी माना जाता है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार हड्डियों, आंखों या हृदय संबंधी समस्याओं में इसके जाप से राहत मिल सकती है। साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उन्नति के मार्ग खुलते हैं। यह मंत्र ग्रहण के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में सहायक माना गया है।

**सूर्य का वैदिक मंत्र :** ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च।
हिरण्ययेन सविता रथेन देवो याति भुवनानि पश्यन्।।
इस वैदिक मंत्र का उच्चारण मन और चित्त को शांत करने वाला माना जाता है। आस्था है कि इसके जाप से आसपास की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सूर्य के शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं।

**सूर्य का सरल मंत्र :** ॐ सूर्याय नमः।
यदि अन्य मंत्रों का जाप संभव न हो, तो इस सरल मंत्र का स्मरण भी किया जा सकता है। इसे सकारात्मकता और मानसिक शांति प्रदान करने वाला माना गया है।

### बुध का गुरु के नक्षत्र में परिवर्तन से होंगे बड़े बदलाव, इन तीन राशियों के लिए रहेगा शुभ

बुध का गुरु के नक्षत्र में प्रवेश करना कई राशियों के लिए सकारात्मक संकेत दे सकता है। इस दौरान कॅरियर, शिक्षा, आर्थिक स्थिति और पारिवारिक जीवन में अनुकूल परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं किन राशियों पर इसका विशेष प्रभाव पड़ सकता है।15 फरवरी को बुध ग्रह गुरु के नक्षत्र पूर्वाभाद्रपद में गोचर कर चुके हैं। यहां वह 10 मार्च तक रहेंगे।

**वृषभ राशि :** वृषभ राशि के जातकों के लिए यह अवधि पेशेवर जीवन में प्रगति के संकेत दे रही है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं, जिन्हें आप कुशलता से निभाएंगे। इससे अधिकारियों और सहकर्मियों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। आय के अतिरिक्त स्रोत बनने की संभावना है, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। जो लोग नया व्यापार शुरू करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें इस दौरान अनुभवी लोगों से सही मार्गदर्शन मिल सकता है। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों को भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगेगा और अच्छे प्रदर्शन के संकेत हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह समय राहत देने वाला साबित हो सकता है।

**तुला राशि :** तुला राशि के लोगों के लिए यह गोचर रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपने अनुभव और कौशल का बेहतर उपयोग कर पाएंगे, जिससे कार्यक्षेत्र में सराहना मिल सकती है। कुछ लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए किसी दूसरे शहर या देश जाने की योजना बना रहे हैं, तो यह समय अनुकूल रह सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और आपसी समझ बेहतर होगी। साझेदारी के कार्यों में भी संतुलन बना रहेगा, जिससे रिश्ते मजबूत होंगे।

**मकर राशि :** मकर राशि के जातकों के लिए बुध का यह परिवर्तन वाणी और व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। आपकी बात करने की शैली प्रभावशाली होगी, जिससे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे। सामाजिक दायरे में सम्मान बढ़ सकता है।

## कहीं आप भी तो नहीं करते ये गलतियां

# सुबह की ये गलत आदतें सेहत को पहुंचा सकती हैं भारी नुकसान

कहते हैं कि सुबह की पहली किरण सिर्फ सूरज की रोशनी नहीं, बल्कि नई ऊर्जा और संभावनाओं का उपहार लेकर आती है। हालांकि, आज की आधुनिक और भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ लोगों ने इस बेशकीमती समय को अपनी गलत आदतों की भेंट चढ़ा दिया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह के समय हमारा शरीर 'रिकवरी मोड' से बाहर आ रहा होता है, ऐसे में नींद खुलते अक्सर लोग कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जो शरीर को अंदर से खोखला बना सकता है। यह छोटी सी लापरवाही आपके मेटाबॉलिज्म, मानसिक स्वास्थ्य और पाचन तंत्र पर गहरा असर करती है।



### सुबह उठते ही स्मार्टफोन का इस्तेमाल

नींद खुलते ही मोबाइल स्क्रीन की 'ब्लू लाइट' के संपर्क में आना आपकी आंखों और दिमाग के लिए बेहद हानिकारक है। जैसे ही आप सोशल मीडिया या काम के ईमेल देखते हैं, शरीर में 'कोर्टिसोल' (स्ट्रेस हार्मोन) का लेवल अचानक बढ़ जाता है। यह आदत आपको दिन की शुरुआत में ही मानसिक रूप से थका देती है और एकाग्रता में कमी का कारण बनती है।

### खाली पेट चाय या कॉफी का सेवन

भारतीय घरों में 'बेड टी' का रिवाज आम है, लेकिन यह पाचन तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है। खाली पेट कैफीन का सेवन शरीर में एसिडिटी और पित्त के असंतुलन को बढ़ाता है। इससे न सिर्फ पेट में जलन और कब्ज की समस्या होती है, बल्कि यह शरीर के पोषक तत्वों को अवशोषित करने की क्षमता को भी कम कर देता है।

### पानी न पीना और डिहाइड्रेशन का जोखिम

रात भर की 7-8 घंटे की नींद के बाद हमारा शरीर पूरी तरह डिहाइड्रेट (पानी की कमी) हो जाता है। सुबह उठकर पानी न पीना आपके अंगों को सक्रिय होने से रोकता है। पानी की कमी के कारण किडनी और लीवर शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर नहीं निकाल पाते, जिससे त्वचा बेजान नजर आने लगती है और आप सुबह से ही सुस्ती महसूस करते हैं।

### नाश्ता स्किप करना है बड़ी लापरवाही

सुबह का नाश्ता दिन का सबसे महत्वपूर्ण भोजन है, जिसे छोड़ने से ब्लड शुगर लेवल बिगड़ सकता है। जो लोग वजन घटाने के चक्कर में नाश्ता नहीं करते, उनका मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और वे दोपहर में ओवरईटिंग करने लगते हैं। एक हेल्दी जीवन के लिए सुबह जल्दी उठें, गुनगुना पानी पिएं और पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता करें ताकि आप दिन भर एनर्जेटिक बना रहे।



## 7-8 घंटे तक बैठे रहने से डायबिटीज, हृदय रोग और ब्लड प्रेशर का खतरा

शारीरिक निष्क्रियता दुनियाभर में होने वाली समय से पहले मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। जब शरीर लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहता है, तो खून का संचार प्रभावित हो जाता है, जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की सप्लाई प्रभावित होती है। आइए जानते हैं इसके और क्या-क्या नुकसान हैं? लाइफस्टाइल की गड़बड़ी को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर क्रॉनिक बीमारियों का प्रमुख कारण माना जाता है। हम जो कुछ खाते-पीते हैं, जिस तरह से दिनभर की दिनचर्या रहती है इन सबका सेहत पर सीधा असर होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सेंडेंटरी लाइफस्टाइल यानी लंबे समय तक बैठे रहना, शारीरिक गतिविधियां कम होना सेहत के लिए बड़ी समस्याओं का कारण है।

ऑफिस में लगातार बैठकर काम करना हमारी दिनचर्या का आम हिस्सा बन चुका है। कई अध्ययन इस बात को लेकर अलर्ट करते रहे हैं कि दिनभर में 7-8 घंटे तक बैठे रहना डायबिटीज, हृदय रोग और ब्लड प्रेशर जैसी



समस्याओं के खतरे को बढ़ाने वाला हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कंप्यूटर-लैपटॉप और मोबाइल स्क्रीन के सामने घंटों बैठकर काम करने से न केवल मांसपेशियों और रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है, बल्कि यह मेटाबॉलिज्म को भी धीमा कर देता है। जो लोग रोजाना 7–8 घंटे या उससे ज्यादा समय तक लगातार बैठे रहते हैं, क्रॉनिक बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, काम के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर पर उठकर घूमना जरूरी है।

**शारीरिक निष्क्रियता और इसके खतरे :** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, शारीरिक निष्क्रियता दुनिया भर में होने वाली समय से पहले मौतों के प्रमुख कारणों में से एक है। जब शरीर लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहता है, तो खून का संचार प्रभावित हो जाता है, जिससे ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की सप्लाई प्रभावित होती है। यही वजह है कि ऑफिस में काम करते समय छोटे-छोटे ब्रेक लेना सिर्फ आराम के लिए नहीं, बल्कि सेहत की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर हो सकता है असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लगातार काम करते रहने से न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समस्याएं भी हो सकती हैं इसलिए बीच में ब्रेक जरूरी है।
कई लोग काम के दबाव के कारण ब्रेक लेना भूल जाते हैं और लगातार देर तक काम करते रहते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं। कि लगातार काम करने की आदत मस्तिष्क के लिए अच्छी नहीं है, इससे शारीरिक के साथ-साथ मानसिक समस्याएं भी हो सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की साल 2000 से 2016 की ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट के अनुसार, जो लोग हफ्ते में 55 घंटे से ज्यादा काम करते हैं, उन्हें मानसिक तनाव हो सकता है, हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है, स्टेस हार्मोन बढ़ने के कारण उनमें अनिद्रा की समस्या भी हो सकती है। जब दिमाग थक जाता है, तो चिड़चिड़ापन महसूस होता है, काम में मन नहीं लगता और तनाव महसूस होता है। यह समस्या समय के साथ एग्जाइटी डिसऑर्डर में बदल सकती है।

## कब्ज दूर करने के लिए 3 बेस्ट फ्रूट, खाने से दिखेगा असर

सुबह उठने के साथ ही पेट साफ ना हो पाने की प्रॉब्लम काफी सारे लोगों को परेशान करती है। जो धीरे-धीरे काफी टाइम तक बनी रहती है और फिर क्रॉनिक कॉन्स्टिपेशन में बदल जाती है। अगर पेट कभी-कभी साफ ना होने की समस्या है और कब्ज बनी रहती है तो इसे दूर करने के लिए सही समय पर उपाय जरूरी है। नहीं तो गैस, ब्लोटिंग और एसिडिटी की समस्या बढ़ने लगती है। कब्ज को दूर करने के लिए डाइट में फाइबर और हेल्दी फूड्स को शामिल करना जरूरी है।



**कीवी :** अगर किसी को लगातार कब्ज की समस्या बनी रहती है और पेट साफ नहीं होता तो उसे डाइट में कीवी जरूर खाना चाहिए। कीवी में एक्टीनेडिन एंजाइम और सॉल्यूएबल फाइबर होता है जो डाइजेशन को एक्टीवेट करता है। साथ ही गट मोटेलिटी को इंप्रूव करता है। रोजाना एक से दो कीवी खाने से स्टूल की प्रिक्वेंसी और कंसिस्टेंसी दोनों को इंप्रूव करने में मदद मिलती है। कब्ज से दूर रहना है तो हर दिन कम से कम दो कीवी को ब्रेकफास्ट में छिलका छीलकर या बगैर छीले भी खा सकते हैं। छिलके के साथ खाने से ज्यादा बेटर फाइबर मिलेगा।

**आलूबुखारा :** आलूबुखारा यानी प्रून्स को भी डॉक्टर ने कब्ज के लिए बेस्ट फ्रूट बताया है। प्रून्स या आलूबुखारा में फाइबर के साथ ही नेचुरल सॉर्बिटोल होता है जो कोलन में पानी खींचकर स्टूल को सॉफ्ट बनाने में मदद करता है। स्टडी के मुताबिक हर रोज तीन से चार आलूबुखारे को भिगोकर खाया जाए और साथ जिस पानी में ये भीगा उस पानी को भी पी जाएं। तो ये कब्ज से राहत दिलाने के लिए क ली नि क ली इफेक्टिव फूड है।

**पियर यानी नाशपाती :** कब्ज को इफेक्टिव तरीके से खत्म करना है तो सीजन में नाशपाती खाना शुरू करें। नाशपाती में फाइबर के साथ सॉर्बिटॉल का बैलेंस कॉम्बिनेशन होता है। और डॉक्टर ने पहले ही बताया है कि सॉर्बिटॉल कोलन में पानी खींचकर स्टूल को सॉफ्ट करता है। जब हर रोज नाशपाती खाते हैं तो इससे स्टूल सॉफ्ट होती है और पेट साफ होने में मदद मिलती है। डॉक्टर का कहना है कि रोजाना ब्रेकफास्ट के बाद एक मीडियम साइज का नाशपाती खाया जाए तो इससे गट में स्टूल की मोबेलिटी को बढ़ाने में मदद करती है। लेकिन साथ ही डॉक्टर ने चेतावनी भी दी है कि जिन लोगों का गट संसेटिव होता है उन्हें पोर्शन कंट्रोल को ध्यान में रखना जरूरी है।

## आंखों में पड़ जाए मिर्ची तो जलन से बचने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

किचन में काम करते हुए अक्सर आंखों में मसाला या मिर्च पड़ जाती है, जिसकी वजह से काफी ज्यादा जलन होने लगती है। अगर आपकी आंखों में जलन पड़ रही हो, तो कुछ घरेलू उपाय याद कर लीजिए, ये काफी काम आएंगे।

किचन में काम करते हुए अक्सर कभी तेल के छींटे पड़ जाते हैं तो कभी सब्जी में नमक-मिर्च डालते समय मिर्ची आंखों में लग जाती है। आंखों में मिर्ची लगने पर तेज जलन होती है, तो कई बार बर्दाश्त के बाहर हो जाती है। ऐसे में कई बार आंख को पानी से धोने पर भी आराम नहीं मिलता है। अगर आपकी आंखों में भी कभी मिर्ची पड़ जाए, तो उसे बार-बार धोने या रगड़ने के बजाय कुछ घरेलू और असरदार उपाय अपनाकर देखें। ये तरीके मेरे घर में नानी मां ने अपनाएं हुए हैं, तो बेहद कारगर साबित हुए हैं। इन तरीकों से आंखों में हो रही जलन से आपको फौरन छुटकारा मिलेगा। चलिए बताते हैं क्या हैं ये उपाय-

**घी :** घी वैसे तो खाने का स्वाद बढ़ाने का काम करता है, लेकिन ये एक असरदार दवा जैसा भी है। नाभि पर लगाओ तो होठों के फटने की समस्या खत्म हो जाती है और मिर्ची लगने पर आंखों की जलन खत्म कर सकता है। घी की तासीर ठंडी होती है, ऐसे में



अगर आंखों में जलन पड़ रही है, तो इसे पलकों के आस-पास लगाएं। इसकी ठंडक से जलन पड़ना बंद हो जाएगी। बस ध्यान रखें कि घी असली होना चाहिए।

**शहद :** शहद स्वादिष्ट होता है, जिसे लोग ऐसे भी खा लेते हैं, लेकिन शहद कई बीमारी का रामबाण इलाज भी माना जाता है। आयुर्वेद में शहद को खास महत्व दिया गया है। शहद भी आंखों की जलन को खत्म करने में मदद कर सकता है। अगर आंखों में मिर्ची में पड़ जाए तो शहद को नीचे वाली पलकों के पास लगाएं। इससे आंखों की जलन में फौरन राहत मिलेगी।

**दूध :** आंखों में मिर्ची से जलन पड़ रही है, तो दूध भी कमाल दिखा सकता है। ठंडा दूध रुई में लें और आंखों के किनारे लगाकर रखें। आंखों की जलन में राहत मिलेगी और दूध नुकसान भी नहीं करता है। दूध ठंडा होगा तो जल्दी आराम मिलेगा।

## कार्नर न्यूज

### डॉक्टर ने दी जानकारी

# क्या 10 साल से कम उम्र के बच्चों को भी हो सकता है हार्ट अटैक

दिल की बीमारियां दुनियाभर में स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम बनी हुई हैं। बीते एक दशक के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि न सिर्फ इन बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ा है बल्कि कम उम्र वाले भी इसका शिकार होते जा रहे हैं। युवाओं और किशोरों में भी हार्ट अटैक और इससे मौत की खबरें हम सभी लगातार सुनते-देखते रहे हैं, ऐसे में लोगों के मन में एक सवाल ये है कि क्या बच्चे भी इसका शिकार हो सकते हैं? क्या 10 साल से कम उम्र के बच्चों को भी हार्ट अटैक हो सकता है? मेडिकल रिपोर्ट्स पर गौर करें तो पता चलता है कि कुछ समय पहले तक बढ़ती उम्र, हाई कोलेस्ट्रॉल या लंबे समय तक चलने वाली बीमारियों को हार्ट अटैक का प्रमुख कारण माना जाता था, हालांकि अध्ययनों से पता चलता है कि बदलती जीवनशैली, खानपान और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं भी कम उम्र में दिल को कमजोर बना रही हैं।




### कम उम्र वालों में हार्ट अटैक के बढ़ते मामले

हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, 20 से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं। इसके लिए गड़बड़ लाइफस्टाइल और असंतुलित खान-पान एक बड़ा कारण है। प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा नमक, ट्रांस फैट और चीनी से भरपूर डाइट धमनियों में फैट जमा करती है, जिससे रक्त का संचार प्रभावित होता है और हार्ट अटैक हो सकता है। इसके अलावा ऑफिस में लंबे समय तक बैठे रहना, व्यायाम न करना, बढ़ता मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और इंसुलिन रेजिस्टेंस जैसी स्थितियों ने हार्ट अटैक के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। लंबे समय तक स्ट्रेस से शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन बढ़ जाता है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट अटैक हो सकता है।

### बच्चों में इस खतरे को कैसे पहचानें?

डॉ. आरती बताती हैं, वयस्कों में हार्ट अटैक से उलट बच्चों को लाइफस्टाइल की वजह से हार्ट अटैक बहुत कम या न के बराबर होते हैं। जन्मजात दिल की बीमारी या कावासाकी जैसे रोग ब्लड वेसल पर असर डाल सकती है, जिसके कारण दिल तक खून का संचार बाधित हो जाता है। अगर आपके बच्चे को जन्मजात दिल की बीमारी है तो कुछ लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना चाहिए। बच्चों के सीने में दर्द, चलने-दौड़ने या मेहनत के दौरान दर्द होना चेतावनी हो सकता है। अचानक गिर जाना, बिना किसी वजह के बेहोशी भी दिल की बीमारियों का संकेत है।



### बच्चों में बढ़ रहा हाई ब्लड प्रेशर का खतरा

बच्चों में बढ़ती दिल की बीमारियों के लिए हाई ब्लड प्रेशर को बड़े खतरे को तौर पर देखा जा रहा है। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक वैश्विक विश्लेषण के अनुसार, पिछले दो दशकों में बच्चों और किशोरों में उच्च रक्तचाप के मामले लगभग दोगुना हो गए है। साल 2000 में ये 3.2 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में ये छह प्रतिशत से अधिक हो गया है। अगर समय रहते इस गंभीर समस्या पर ध्यान न दिया गया तो हाई ब्लड प्रेशर के कारण हृदय रोगों और हार्ट अटैक के साथ और किडनी से संबंधित बीमारियों का जोखिम भी काफी बढ़ सकता है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### प्रियंका का खुलासा- हॉलीवुड के सेट पर 15-15 घंटे किया इंतजार



हॉलीवुड में एक बड़ा नाम बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बताया कि कैसे उन्हें शुरुआत में अपने छोटे से रोल के लिए इंटरनैशनल सेट पर 15 घंटें इंतजार करना पड़ा था। शशि थरूर ने प्रियंका की तारीफ में कहा है- उन्होंने उस मंच पर पहुंचकर भारत को गौरवान्वित किया है जिस पर भारतीयों को शायद ही कभी आने का मौका मिलता है। प्रियंका चोपड़ा आज बॉलीवुड ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड की भी जानी-मानी शख्यियत बन चुकी हैं। प्रियंका हॉलीवुड फिल्मों में अब एक बड़ा नाम हैं और ऐसा नहीं है कि उन्हें ये पहचान रातों-रात मिली हो। उन्होंने हॉलीवुड में भी जी तोड़ मेहनत की है और कई बार उन्हें अपने छोटे से रोल के लिए 1-2 घंटे नहीं बल्कि 15 घंटे भी इंतजार करना पड़ा। देसी गर्ल ने हॉलीवुड में अपने स्ट्रगल से लेकर सफलता तक की कहानी खुद सुनाई है। प्रियंका चोपड़ा पिछले दिनों हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में नजर आईं। इसी दौरान देसी गर्ल ने हॉलीवुड में अपने शुरुआती दिनों को लेकर बातें की। भारत में उनका काम जब डगमगाने लगा था तब उन्होंने अपने करियर की शुरुआत हॉलीवुड में की थी। उन्होंने इसी दौरान बताया कि कैसे एक बार हॉलीवुड फिल्म के सेट पर एक छोटे से सीन की शूटिंग के लिए उन्हें पूरे दिन इंतजार करना पड़ा था। प्रियंका चोपड़ा ने भारत में अपने करियर के उस मुश्किल हालात पर बातें की और बताया कि कैसे उन्होंने अपनी विरासत बनाने के दृढ़ संकल्प के साथ उन चुनौतियों का सामना किया।

## टॉलीवुड

### जन नायकन कब रिलीज होगी? डिस्ट्रीब्यूटर ने जारी किया बयान



थलपति विजय की फिल्म 'जन नायकन' कब रिलीज होगी? यदि आप भी इस सवाल का जवाब ढूंढ़ रहे हैं तो आपके लिए एक मायूस करने वाली खबर हैं। कनाडा में फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर यॉर्क सिनेमाज ने एक बयान जारी किया है। इसके बाद अनिश्चितता और बढ़ गई है। थलपति विजय के अभिनय कॅरियर की आखिरी फिल्म 'जन नायकन' की रिलीज के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। फिल्म को अभी तक सेंसर बोर्ड ने रिलीज सर्टिफिकेट नहीं दिया है। मद्रास हाई कोर्ट से मेकर्स ने सेंसर बोर्ड के खिलाफ मुकदमा भी वापस ले लिया है। लेकिन, इस प्रोजेक्ट को लेकर अनिश्चितता और बढ़ती जा रही है, क्योंकि तमिलनाडु में मार्च-अप्रैल में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें एक्टर विजय अपनी पार्टी टीवीके के साथ चुनावी मैदान में होंगे। हमने इससे पहले आपको बताया था कि फिल्म चुनावी आचार संहिता के फेर में फंस सकती है और अब यही होता दिख रहा है। 'जन नायकन' के कनाडा के डिस्ट्रीब्यूटर यॉर्क सिनेमाज ने कन्फर्म किया है कि फिल्म 30 अप्रैल से पहले रिलीज नहीं होगी। इस बाबत एक बयान भी जारी किया गया है। कनाडा में 'जन नायकन' का डिस्ट्रीब्यूशन संभाल रहे यॉर्क सिनेमाज के ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल से बयान शेयर किया है। इसमें फिल्म के फाइनल रिलीज प्लान को लेकर कोई क्लैरिटी नहीं मिल रही है। 'जन नायकन' पहले 9 जनवरी को ही रिलीज होने वाली थी। लिहाजा, कनाडा समेत देशी-विदेशी बाजार में इसकी एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी थी।

## भोजपुरी

### अग्नि परीक्षा से होली पर धमाका करेंगे खेसारी आकांक्षा और नीलम संग आएंगे नजर



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव के फैंस के लिए खुशखबरी है। उनकी मचअवेटेड एक्शन पैक्ड फिल्म 'अग्नि परीक्षा' इस होली पर 4 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से उत्साह देखा जा रहा है, खासकर इसके दमदार एक्शन और इमोशनल कहानी को लेकर चर्चाएं तेज हैं। फिल्म की रिलीज डेट की जानकारी प्रोड्यूसर सुरेंद्र यादव और डायरेक्टर लाल बाबू पंडित ने दी। उन्होंने बताया कि 'अग्नि परीक्षा' एक ऐसी कहानी है जिसमें संघर्ष, प्रेम, परिवार और न्याय की लड़ाई को मनोरंजक अंदाज में दिखाया गया है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। हालांकि, अभी फिल्म का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। सुरेंद्र यादव ने बताया कि 'अग्नि परीक्षा' को दर्शकों की पसंद को ध्यान में रखकर भव्य पैमाने पर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसमें दमदार एक्शन, भावनात्मक कहानी और मनोरंजन का भरपूर तड़का देखने को मिलेगा। सुरेंद्र यादव के अनुसार, होली जैसे बड़े त्योहार पर इस फिल्म की रिलीज इसलिए तय की गई है ताकि परिवार के साथ दर्शक सिनेमाघरों में एक यादगार फिल्म का आनंद ले सकें। उन्होंने भरोसा जताया कि सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की लोकप्रियता और फिल्म की मजबूत कहानी इसे बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता दिलाएगी। वहीं, खेसारी लाल यादव ने कहा कि 'अग्नि परीक्षा' उनके कॅरियर की बेहद खास फिल्मों में से एक है। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन के साथ भावनाओं से भरपूर कहानी देखने को मिलेगी। खेसारी लाल ने कहा कि होली के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म दर्शकों के लिए पूरी तरह से मनोरंजन का पैकेज साबित होगी और उन्हें पूरा विश्वास है कि उनके फैंस इस फिल्म को खूब प्यार देंगे। 'अग्नि परीक्षा' में बॉलीवुड एक्ट्रेस आकांक्षा पुरी भी नजर आएंगी, जो पहले भी खेसारी लाल के साथ काम कर चुकी हैं। वह फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगी और साथ में नीलम गिरी भी होंगी, जो हाल ही 'बिग बॉस 19' में नजर आई थीं।

## सामंथा ने दिखाया एलिगेंस का असली मतलब


लाइफ स्टाइल

फैशन की दुनिया में सादगी का क्रेज एक बार फिर लौट आया है और अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का यह क्लासिक साड़ी लुक इस बात का बेहतरीन उदाहरण है कि मिनिमल स्टाइल भी बेहद रॉयल लग सकता है। यह पारंपरिक अवतार आज की महिलाओं के लिए एक परफेक्ट स्टाइल इंस्पिरेशन है जो ट्रेंड्स के शोर से दूर रहकर टाइमलेस एलिगेंस को अपनाना चाहती हैं।



# आज रात चेहरे पर ये चीज लगाकर सो जाएं, जिससे कल चमक उठे आपका चेहरा

भागदौड़ भरी जिंदगी, धूल-मिट्टी, प्रदूषण और तनाव का असर सबसे पहले हमारे चेहरे पर दिखाई देता है। त्वचा बेजान और रूखी लगने लगती है, जिससे आत्मविश्वास भी कम हो सकता है। ऐसे में कई लोग महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स या पार्लर ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन हर बार ऐसा करना संभव नहीं होता। अगर आप एक रात में अपने चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाना चाहती हैं, तो घरेलू फेस मास्क एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। घर की रसोई में मौजूद कुछ आसान और प्राकृतिक चीजों से तैयार यह फेस मास्क त्वचा को पोषण देने, डेड स्किन हटाने और चेहरे पर इंस्टेंट निखार लाने में मदद कर सकता है। खास बात यह है कि यह स्किन पर हार्श नहीं होता और ज्यादातर स्किन टाइप पर सूट कर जाता है।



### फेस मास्क के लिए जरूरी चीजें

1 चम्मच बेसन
1 चम्मच दही
1 चम्मच शहद
2–3 बूंद नींबू का रस
एक चुटकी हल्दी

इस्तेमाल करने का तरीका
सबसे पहले एक साफ बाउल लें।
उसमें बेसन, दही और शहद डालें।
अब उसमें नींबू का रस और हल्दी मिलाएं।
सभी चीजों को अच्छी तरह मिक्स करके स्मूद पेस्ट तैयार करें।
चेहरे को फेस वॉश से साफ करके हल्का पोंछ लें।
अब इस पेस्ट को पूरे चेहरे और गर्दन पर समान रूप से लगाएं।
15–20 मिनट तक सूखने दें।
हल्के गुनगुने पानी से सर्कुलर मोशन में मसाज करते हुए धो लें।

फेस मास्क इस्तेमाल करने के बाद क्या करें
चेहरा धोने के बाद हल्का मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।
अगर दिन में बाहर जाना हो तो सनस्क्रीन लगाएं।
चेहरा रगड़कर न पोंछें, हल्के हाथ से तौलिये से थपथपाकर सुखाएं।
ज्यादा मेकअप तुरंत लगाने से बचें।

### क्या सावधानी बरतें?

अगर आपकी स्किन बहुत संवेदनशील है तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें।
नींबू की मात्रा ज्यादा न डालें, इससे जलन हो सकती है।
खुले घाव या पिंपल्स पर इसे न लगाएं।
हफ्ते में 1–2 बार से ज्यादा इस्तेमाल न करें।
किसी एलर्जी की स्थिति में तुरंत उपयोग बंद करें।

# रमजान के पहले रोजे के लिए खुद को ऐसे करें तैयार

फैशन





मुस्लिम धर्म के लोगों के लिए रमजान का महीना बेहद खास होता है। उसी के चलते इस महीने में हर कोई चाहता है कि उसका लुक परफेक्ट और स्टाइलिश हो। इस माहौल में मेकअप, हेयर स्टाइल और आउटफिट्स से लेकर पूरे एटीट्यूड को इम्प्रूव करने के लिए कई आइडिया होते हैं। चाहे आप सादगी पसंद हों या फिर ग्लैमरस लुक चाहते हों, रमजान के दौरान फैशन और मेकअप के ट्रेंड्स आपको खूबसूरत दिखने में मदद कर सकते हैं। इस लेख में हम आपको रमजान के लिए कुछ बेहतरीन मेकअप टिप्स, आउटफिट्स और स्टाइलिंग आइडियाज देंगे, ताकि आप इस पवित्र महीने में अपने लुक को एक नया ट्विस्ट दे सकें और दूसरों से अलग दिख सकें।

**अनारकली सूट :** रमजान के दौरान अनारकली सूट एक बहुत ही शाही और क्लासिक विकल्प है। आप पारंपरिक तरीके से अनारकली सूट पहन सकती हैं, जिसमें कढ़ाई या जरी का काम हो। ये इफ्तार पार्टियों या खास अवसरों के लिए एकदम परफेक्ट है।

**शरारा सूट :** अगर आप पारंपरिक लेकिन आरामदायक लुक चाहती हैं, तो शरारा सूट एक बेहतरीन विकल्प है।

शरारा हल्की कढ़ाई वाले सूट स्टाइलिश भी होते हैं और आपको आराम भी देते हैं।


रमजान के दौरान मेकअप में हल्की सादगी जरूरी है, ताकि आपकी त्वचा प्राकृतिक और ग्लोइंग नजर आए। एक अच्छे बेस के लिए फाउंडेशन को हलका और स्किन टोन से मेल खाता हुआ लगाएं। आइब्रो को थोड़ा डार्क और शेप में रखें।

आंखों पर न्यूड और गोल्डन शेड्स का आईशैडो लगाएं, और लशेस को अच्छे से कर्ल करें। लिप्स पर हल्का पिंक या न्यूड शेड लगाएं ताकि लुक फ्रेस और सोबर लगे।

**हेयर स्टाइल कैसी होनी चाहिए :** रमजान के दौरान आप अपनी हेयर स्टाइल को सिंपल और स्टाइलिश रख सकती हैं। लूज कर्ल्स या बीच वेव्स से आपके बालों को एक नेचुरल लुक मिलेगा। अगर आप कुछ और डिफरेंट चाहती हैं तो लो बन या साइड ब्रेड्स भी एक बेहतरीन विकल्प है। ये पारंपरिक लुक में भी अच्छा लगता है और लाइट मेकअप के साथ परफेक्ट जचता है।

# डेट नाइट के लिए ऐसे हों तैयार, ड्रेस से लेकर मेकअप भी हो खास

अगर आप भी डेट नाइट के लिए तैयार हो रही हैं, तो यह समय है अपने लुक को खास और यादगार बनाने का। हर कोई चाहता है कि वह अपने पार्टनर के सामने सबसे अलग और आकर्षक दिखे। चाहे आप कैंडल लाइट डिनर पर जा रही हों या किसी रूफटॉप कैफे में खास शाम बिताने वाली हों, आपका आउटफिट, मेकअप और कॉन्फिडेंस—तीनों का सही तालमेल आपके लुक को परफेक्ट बना सकता है। सही रंगों का चुनाव, हल्का लेकिन ग्लैमरस मेकअप और ट्रेंड के मुताबिक एक्सेसरीज आपके लुक में चार चांद लगा सकते हैं। ऐसे में अगर आप चाहती हैं कि आपकी डेट नाइट खास और यादगार बने, तो नीचे दिए गए टिप्स जरूर फॉलो करें।



### मेकअप रखें सॉफ्ट और ग्लोइंग

डेट नाइट के लिए मेकअप ओवरड्रामेटिक नहीं बल्कि सॉफ्ट और नेचुरल ग्लो वाला होना चाहिए। ड्यूई बेस मेकअप चुनें ताकि स्किन फ्रेश और हेल्दी लगे। न्यूड, पीच या रोज पिंक लिपस्टिक रोमांटिक वाइब देती है। हल्का स्मोकी आई लुक आपकी आंखों को आकर्षक बनाएगा। हाईलाइटर से चीक्स और नोज ब्रिज को उभारें। ध्यान रखें कि मेकअप लाइटिंग के हिसाब से करें। अगर कैंडल लाइट डिनर है तो हल्का शिमर और ग्लोइंग फिनिश बेहतर रहेगा।

### हेयरस्टाइल पर दें खास ध्यान

हेयरस्टाइल आपके लुक को पूरा करती है। सॉफ्ट कर्ल्स आपको क्यूट और रोमांटिक लुक देंगे। लो बन आपको एलिगेंट और बॉस लेडी वाइब देगा। हाफ-टाई हेयरस्टाइल मॉडर्न और स्टाइलिश लगती है। स्ट्रेट और ओपन हेयर सिंपल लेकिन क्लासी विकल्प है। हेयरस्टाइल चुनते समय आउटफिट और फेस शेप का ध्यान जरूर रखें।

# सिंपल कुर्ती हो या भारी लहंगा, कश्मीरी इयररिंग्स के साथ पाएं ग्रेसफुल लुक

चाहे हाथ से उकेरी गई बारीक मीनाकारी हो या वो खास 'देझूर' स्टाइल, कश्मीरी झुमके हर महिला की ज्वेलरी बॉक्स की जान होते हैं। अगर आप भी इस वेडिंग सीजन एक परफेक्ट और क्लासिक लुक की तलाश में हैं, तो ये 6 कश्मीरी इयररिंग्स डिजाइन आपकी पसंद बन सकते हैं।



**बेस्ट कश्मीरी झुमके डिजाइन :** बात जब ट्रेडिशनल लुक और एथनिक लिबास की हो, तो कश्मीरी ज्वेलरी का जिक्र होना लाजिमी है। खासतौर पर यहां के ट्रेडिशनल इयररिंग्स न केवल आपकी सादगी में चार चांद लगाते हैं, बल्कि आपको एक 'रॉयल' और ग्रेसफुल लुक भी देते हैं। चाहे वो हाथ से उकेरी गई बारीक मीनाकारी हो या वो खास 'देझूर' स्टाइल, कश्मीरी झुमके हर महिला की ज्वेलरी बॉक्स की जान होते हैं।

**रेड स्टोन कश्मीरी इयररिंग्स :** अगर आप भीड़ से हटकर दिखते हुए अपने लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच देना चाहती हैं, तो इस तरह के रेड स्टोन वाले कश्मीरी इयररिंग्स को कैरी करने के बारे में सोच सकती हैं। यह झुमके किसी भी खास इवेंट या फंक्शन के दौरान ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ कैरी किए जा सकते हैं।

**घुंघरू वाला कश्मीरी झुमका :** घुंघरू वाला कश्मीरी झुमका आजकल सबसे ज्यादा पॉपुलर और ट्रेंडिंग है। इस तरह के झुमकों में नीचे छोटे-छोटे घुंघरू लटकते हैं, जिनसे चलने पर खन-खन की आवाज आती है। आपको इस तरह के झुमके गोल्डन या सिल्वर बेस पर रेड-ग्रीन स्टोन्स या पेस्टल कलर्स में मिल जाएंगे।

**देझूर स्टाइल झुमका :** यह झुमका कश्मीरी पंडित महिलाओं का ट्रेडिशनल सिंबल है। इस तरह के झुमकों में हेक्सागोनल (छह कोने वाला) पेंडेंट, ऊपर से चेन (अथ) के साथ लटकता है। जिसमें मोती, कुंदन या गोल्ड प्लेटेड काम किया हुआ रहता है।

कार्नर न्यूज

## यह आपके स्टाइल और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है

# बिना पैसा खर्च किए घर पर करें पेडिक्योर, ये है पूरी गाइड

आज के व्यस्त जीवन में घर बैठे ब्यूटी और सेल्फ-केयर पर ध्यान देना बहुत जरूरी हो गया है। अगर आप पेडिक्योर करवाना चाहती हैं, लेकिन सैलून जाने का समय नहीं है, तो घर पर ही पेडिक्योर करना सबसे आसान और किफायती तरीका है। घर पर पेडिक्योर करना न केवल पैरों को साफ-सुथरा और मुलायम बनाता है, बल्कि यह आपके स्टाइल और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।



सही तरीके से घर पर पेडिक्योर करने से पैरों की त्वचा और नाखून स्वस्थ रहते हैं और एर्गोनॉमिक रूप से पैरों में कोई परेशानी नहीं होती। इसके लिए आपको कुछ आसान स्टेप्स और बेसिक टूल्स की जरूरत होती है, जिन्हें फॉलो करके आप पेशेवर सैलून जैसा परिणाम पा सकती हैं। इस लेख में हम आपको घर पर पेडिक्योर करने का स्टेप बाय स्टेप गाइड देंगे, जिससे आपके पैरों की देखभाल पूरी तरह से हो सके।



### ऐसे करें पेडिक्योर

घर पर पेडिक्योर करने की प्रक्रिया को विस्तार से समझें तो यह काफी आसान और आरामदायक है। सबसे पहले अपने पैरों को अच्छी तरह धो लें और उन्हें गुनगुने पानी में 10–15 मिनट भिगोकर रखें। इससे पैरों की त्वचा मुलायम हो जाती है और डेड स्किन हटाना आसान हो जाता है। पानी में भिगोने के बाद पैरों को सुखाएं और नाखूनों को सही आकार में काटें और शेप दें।

इसके बाद नेल फाइल या पेडिक्योर रफर का इस्तेमाल करके एड़ियों और नाखूनों की खुरदरी त्वचा को धीरे-धीरे साफ करें। अगर आपके नाखूनों पर पुरानी नेल पॉलिश लगी है, तो उसे रीमूवर की मदद से हटा दें।

इसके बाद पैरों और एड़ियों पर हल्का स्क्रब लगाकर अच्छी तरह मसाज करें ताकि डेड स्किन पूरी तरह निकल जाए। स्क्रबिंग के बाद पैरों को मॉइस्चराइजिंग लोशन या पेडिक्योर क्रीम से मसाज करें ताकि त्वचा नमी और मुलायम बनी रहे। अगर आप चाहें तो नेल पॉलिश लगा सकते हैं और उसे सूखने दें।